News सिटी चीफ

# सिटी चीफ

वर्ष-14, अंक-279
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, शुक्रवार 12 जनवरी 2024

**आज का विचार**

*खुद की समझदारी ही मायने रखती है,वरना अर्जुन और दुर्योधन के गुरु एक ही थे।*



राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं

**पीएम मोदी ने आज से शुरू किया 11 दिन का विशेष अनुष्ठान**

## प्राण प्रतिष्ठा से पहले देशवासियों के नाम जारी किया ऑडियो संदेश

# सियावर रामचंद्र की जय



### बोले- अपनी भावनाओं को शब्दों में कहना मुश्किल

***एजेंसी, अयोध्या।*** *22 जनवरी को होने वाले अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देशवासियों के नाम अपना ऑडियो संदेश जारी किया। पीएम मोदी ने देश के सभी राम भक्तों को कोटी-कोटी प्रणाम करते हुए कहा कि प्राण प्रतिष्ठा में सिर्फ आज से सिर्फ 11 दिन का समय बचा है। पीएम मोदी ने बताया कि आज से वे 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ करने जा रहे हैं। पीएम ने इस काम के लिए देशवासियों से आशीर्वाद भी मांगा।पीएम मोदी ने कहा कि वे इस अनुष्ठान की शुरुआत नासिक धाम पंचवटी करने जा रहे हैं, जहां प्रभु श्रीराम ने लंबा समय व्यतीत किया था। पीएम मोदी ने कहा कि 22 जनवरी को जब वे राम मंदिर गर्भगृह में जाएंगे, तब सभी देशवासियों की शक्ति उनके साथ होगी। पीएम मोदी ने कहा, मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस पुण्य अवसर का साक्षी बनूंगा। प्रभु ने मुझे प्राण प्रतिष्ठा के दौरान, सभी भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने का निमित्त बनाया है। इसे ध्यान में रखते हुए मैं आज से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ कर रहा हूं। मैं आप सभी जनता-जनार्दन से आशीर्वाद का आकांक्षी हूं। इस समय, अपनी भावनाओं को शब्दों में कह पाना बहुत मुश्किल है, लेकिन मैंने अपनी तरफ से एक प्रयास किया है।*

**राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में...**

# उज्जैन श्री महाकाल मंदिर से 5 लाख लड्डू भेजे जाएंगे:मुख्यमंत्री डॉ. यादव



*अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हो रहा है। इसको लेकर पूरे देश में उत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में कहा कि हमारा 17 लाख साल पुराना स्वपन हैं। इसमें मध्य प्रदेश कैसे पीछे रह सकता है। श्री महाकाल मंदिर उज्जैन से 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन प्रसंग पर 5 लाख लड्डू भेजे जायेंगे। बाबा महाकाल का प्रसाद अयोध्या जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती की सभी को बधाई देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इंदौर को स्वच्छता में नंबर वन का पुरस्कार सातवीं बार मिला है। मध्य प्रदेश स्वच्छता में दूसरे स्थान पर आया है। इसके लिए सभी प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। शनिवार को शहडोल में आदिवासी भाई बहनों के साथ कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा हूं। 14 और 15 को मकर संक्रांति का कार्यक्रम होगा। भारतीय खेल पद्धति के कार्यक्रम होंगे। बता दें राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए विभिन्न स्तर पर तैयारी चल रही है। उज्जैन के उन्हेल रोड पर ग्राम सोंडग में 51 किलो की बड़ी अगरबत्ती बनाई जा रही है। इस अगरबत्ती को प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन अंगारेश्वर मंदिर में प्रज्वलित किया जाएगा। इसका निर्माण काय के गोबर, गाय के घी, चंदन, गूगल फूलों व अन्य सुगंधित पदाथों के प्रयोग से महिला कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। भोपाल में युवा भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन को खास बनाने की तैयारी में जुट गए हैं। युवाओं ने राम नाम वाले दीपक बना रहे हैं। इन दीपक को 22 जनवरी को घर घर राम के नाम का दीपक जलाने के लिए वितरित किया जाएगा। मंदिरों में पूजा अर्चना का आयोजन किया जाएगा।*

### सीएम बोले - भारत दुनिया में अपनी साख बढ़ा रहा हैं

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस की सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सब भाग्यशाली है कि भारत दुनिया के युवा देशों में से एक हैं। आज से 100 साल पहले विवेकानंद जी ने घोषणा की थी कि 21वीं शताब्दी भारत की होगी। हम अपनी आंखों से देख रहे है कि भारत अपनी साख दुनिया में बना रहा है। आज हम चंद्रयान से अपनी साख दुनिया में बना रहे है, रक्षा ,खेल, मैदान हो या आर्थिक क्षेत्र हो, हम सभी जगह अपनी पहचान बना रहे है।साथ ही हर क्षेत्र में हमारे देश का मान सम्मान बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरा जीवन हम सभी को प्रेरणा देने वाला है। वह अपन व्यक्तित्व और एक-एक कदम से हम सभी को रोमांचित और आनंदित करते हैं। पीएम मोदी ऐसी शख्सियत है जो देश को इन ऊंचाइयों तक ले जा रहे है।

## खून को सैनेटरी पैड से सुखाया, दरिंदे बदलते रहे लोकेशन

नई दिल्ली- दिव्या पाहुजा हत्याकांड में गुरुग्राम पुलिस ने कोलकाता एयरपोर्ट पर गिरफ्तार आरोपी बलराज गिल के हवाले से बड़ा खुलासा किया है. पुलिस के मुताबिक, दिव्या को गोली मारने के बाद काफी खून बह गया था. ऐसे में आरोपियों ने खून को सूखाने के लिए सैनेटरी पैड का इस्तेमाल किया था. इसके अलावा होटल से निकालने के बाद आरोपी दिव्या की लाश को पंजाब के पटियाला ले गए थे, जहां उसके शव को ठिकाने लगा दिया था. फिलहाल बलराज गिल को हिरासत में लेकर गुरुग्राम पुलिस वापस लौट रही है. गुरुग्राम पुलिस के एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने बलराज गिल की गिरफ्तारी की पुष्टि की. बताया कि उससे कोलकाता में भी पूछताछ की गई है और अब वहां की लोकल अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर गुरुग्राम लाया जा रहा है. यहां उसे कोर्ट में पेशकर पुलिस कस्टडी रिमांड लिया जाएगा और फिर पुलिस की एक टीम उसे लेकर दिव्या पाहुजा की लाश को बरामद करने के लिए पटियाला जाएगी. उन्होंने बताया कि बलराज गिल इस वारदात में गिरफ्तार होने वाला पांचवां आरोपी है. अभी भी इस मामले में एक आरोपी रवि की तलाश है. पुलिस के मुताबिक दो जनवरी की रात में अभिजीत ने दिव्या को गोली मारी थी. गोली दिव्या के सिर में लगी थी और उससे काफी खून बहा था. बल्कि होटल का वह कमरा खून से सन गया था. ऐसे में अभिजीत ने पास के मेडिकल स्टोर से सैनेटरी पैड मंगाया और इसका इस्तेमाल कमरे में फैले खून को सूखाने और कमरे को साफ करने में किया गया था. पुलिस के मुताबिक आरोपी बलराज गिल और रवि ही बीएमडब्ल्यू कार में दिव्या का शव लेकर भागे थे. यहां से आरोपी सीधे पटियाला गए, जहां शव को खुर्द बुर्द करने के बाद दोनों राजस्थान के उदयपुर चले गए. इसी बीच पुलिस को आरोपियों की लोकेशन मिल गई और पुलिस टीम उदयपुर पहुंची, लेकिन आरोपियों को इसकी खबर हो गई. ऐसे में आरोपी तुरंत उदयपुर से निकल कर कोटा पहुंचे और एक होटल में ठहरे ही थे कि गुरुग्राम पुलिस कोटा भी पहुंच गई. यहीं पर रवि और बलराज गिल दोनों अलग अलग हो गए. बलराज गिल तो कानपुर की ट्रेन पकड़ कर कानपुर आ गया और यहां से कोलकाता भाग गया. अब यह थाईलैंड भागने की फिराक में था और इसके लिए एयरपोर्ट भी पहुंच गया. यहीं पर उसे गिरफ्तार किया गया है।

## हम मणिपुर के राम मंदिर जाएंगे, उद्धव ठाकरे वहीं पूजा करेंगे : संजय राउत

**मुंबई-** अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का दिन निर्धारित है. 22 जनवरी को राम मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे. इस बीच शिवसेना (उद्धव ठाकरे) गुट के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने बड़ा बयान दिया है. राउत ने कहा है कि हम मणिपुर के राम मंदिर जाएंगे और उद्धव ठाकरे वहीं पूजा अर्चना करेंगे. संजय राउत ने ना सिर्फ मणिपुर जाकर राम मंदिर में पूजा करने की बात कही, बल्कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर शंकराचार्यों के विरोध का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के सबसे बड़े शंकराचार्य हो गए हैं, राम मंदिर अब भी एक अधूरा प्रोजेक्ट है, लेकिन फिर भी उसकी प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, जिसका चारों शंकराचार्यों ने विरोध भी किया है, लेकिन फिर भी यह सब हो रहा है. राउत ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी और बीजेपी शिवसेना को कॉपी करते हैं. जब उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह नासिक के कालाराम मंदिर जाएंगे तभी पीएम मोदी ने भी वहां जाने का प्लॉन बना लिया. अब हम कहते हैं कि हम मणिपुर के राम मंदिर जाएंगे, अब पीएम बताएं की क्या वह मणिपुर भी जाएंगे? बता दें कि नासिक का कालाराम मंदिर उन स्थानों में से एक है, जहां अपने वनवास के वक्त प्रभु श्रीराम ने वक्त बिताया था. आज पीएम मोदी अपने महाराष्ट्र दौरे के बीच नासिक के कालाराम मंदिर भी जाएंगे।







## प्रदेश भर में सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम

**आयुक्त माल सिंह तथा कलेक्टर आशीष सिंह विशेष रूप से शामिल हुए।**









**योग अभ्यास आज केंद्रीय जेल मे... नगर के योगमित्र महापौर पुष्यमित्र जी भार्गव और ओमानंद गुरु जी के साथ**

## सिंगल कॉलम

### इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह बोले, दूसरे शहर हमसे सीख रहे, इंदौर आगे भी सिलसिला जारी रखेगा

*इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने इंदौर को सातवीं बार स्वच्छता में देश का नंबर वन शहर का अवार्ड बनने पर बधाई दी। इंदौर। लगातार सातवीं बार स्वच्छता में देश में नंबर वन बनने पर इंदौर के कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि अन्य शहर भी हमसे सीख रहे हैं और प्रेरणा ले रहे हैं। इससे हमारा काम और मुश्किल होता जा रहा है। लेकिन मुझे विश्वास है कि हम यह सिलसिला आगे भी बनाएं रखेंगे।॥ इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने इंदौर को सातवीं बार स्वच्छता में देश का नंबर वन शहर का अवार्ड बनने पर बधाई दी। उन्होंने निगम सभी कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि इंदौर से देश के अन्य शहर भी सीख रहे हैं और इसी का परिणाम है कि सूरत ने भी देश का सबसे स्वच्छ शहर होने का अवार्ड प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि मेरे निगम आयुक्त रहते इंदौर में डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन, कूड़े पहाड़ हटाने, ड्राय सेग्रीगेशन प्लांट लगाने, गीले कचरे से बायो सीएनजी गैस बनाने जैसे स्वच्छता के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किए हैं जिससे अन्य शहर भी सीख रहे हैं।*

### इंदौर में तलाकशुदा बहू ने एनआरआइ ससुर की गाड़ियां फोड़ी, केस दर्ज

*एनआरआइ का आरोप, बहू मकान पर कब्जा करना चाहती है। उसके खिलाफ पहले भी थाने में दर्ज हो चुकी है रिपोर्ट। इंदौर। 72 वर्षीय एनआरआइ ने तलाकशुदा बहू के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवाई है। आरोप है कि बहू मकान हथियाने के लिए घर में घुसी और गाड़ियां फोड़ दी। इसके पूर्व भी उसके खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट हो चुकी है। पलासिया थाना पुलिस के मुताबिक, गुलमर्ग कालोनी (साकेत नगर) निवासी तुलसीदास सेतपाल की शिकायत पर खेमी उर्फ जिया जाधवानी के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना 31 दिसंबर की दोपहर की है। तुलसीदास बेटे प्रकाश के साथ घर की साफ-सफाई करवा रहे थे। जिया घर में घुस गई और तुलसीदास को धमकाया। सरिये से स्कूटर व बाइक में तोड़फोड़ कर डाली। टीआइ जेपी जमरे के मुताबिक, जिया का तलाक हो चुका है। वह मकान पर कब्जा करना चाहती है। जिस मकान पर दावा किया वह तुलसीदास ने बेटी के नाम पर करवा दिया है। इसके पूर्व भी दोनों में विवाद हुआ था।*

### हौज में मिला लापता पेंटर का शव, अंगूठी और कान की बाली से हुई पहचान

*स्वजन ने 31 दिसंबर को विजय नगर थाने में लिखाई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट। स्वजन बोले- हत्या कर फेंका शव, पुलिस ने बताया हादसा। इंदौर। एबी रोड स्थित प्रेस काम्प्लेक्स में पानी की हौज में शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव में कीड़े तक लग चुके थे। उसकी पहचान मालवीय नगर निवासी पेंटर शाहरुख के रूप में हुई है। स्वजन ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस हादसा बता रही है। एमआइजी थाना पुलिस के मुताबिक, चौकीदार रोशन ने सूचना दी थी कि हौज में शव पड़ा हुआ है। हौज करीब 15 फीट गहरी है। शव निकालने के लिए पुलिस ने पहले हौज में पानी भरवाया। शव पानी के ऊपर आया तब निकाला।सूचना मिलने पर मालवीय नगर से शरीफ और फरीद पहुंचे और कहा कि शव उसके भाई शाहरुख का है। स्वजन ने शाहरुख की अंगूठी और कान की बाली से पहचान की। हत्या का आरोप शाहरुख की 31 दिसंबर को मां संगीता पटेल ने विजय नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। वह कुछ देर में लौटने का बोलकर घर से गया था। आरोप है कि कुछ दिनों पूर्व छोटी खजरानी निवासी राम और राज से विवाद हुआ था। दोनों ने उसके साथ मारपीट भी की थी। पुलिस के मुताबिक, शव डिकंपोज हो चुका है। ऊपरी तौर पर तो चोट के निशान नहीं दिखे। शाहरुख की जेब में रुपये और अंगूठी भी है। इससे हत्या की संभावना कम है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।*

### राशन माफिया पर मैकेनिक की हत्या का आरोप

*पवनपुरी निवासी 28 वर्षीय दीपक जावरे की मौत के मामले में स्वजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। दीपक का शव शनिवार तड़के पीपल्याहाना के पास खाली मैदान में मिला था। स्वजन का आरोप है कि दीपक की हत्या हुई है। कुछ दिनों पूर्व उसने राशन माफिया का वीडियो फेसबुक पर डाला था। उसके बाद दीपक पर हमला हुआ। कुछ साथियों को तो रुपये देकर चुप कर दिया लेकिन दीपक से सौदा नहीं हुआ। टीआइ नीरज मेढ़ा के मुताबिक, दीपक की मौत हादसे में हुई है। वह तेज रफ्तार बाइक से आ रहा था।*

### महिला से 35 लाख की धोखाधड़ी

*इंदौर। लसूड़िया थाना पुलिस ने सिद्धि विनायक रेसीडेंसी नरोड़ा अहमदाबाद की शिकायत पर आरोपित भूपेंद्रसिंह भाटी निवासी गोपुर कालोनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। सोनी ने महालक्ष्मी नगर स्थित प्लाट का 42 लाख रुपये में सौदा किया और 35 लाख 40 हजार रुपये ले लिए। इसी तरह एरोड्रम पुलिस ने संदीप चावड़ा निवासी रूपनगर छोटा बांगड़दा ने विशाल गौर के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाई है।*

# परीक्षा केंद्रों पर आवंटित किए क्षमता से अधिक, आगे बढ़ाना पड़ी एमईडी की परीक्षा

**सिटी चीफ इंदौर।**
अगले सप्ताह से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की सेमेस्टर परीक्षाएं करवाने जा रहा है। मगर परीक्षा केंद्र आवंटन में गड़बड़ी सामने आई है। जहां क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को एक केंद्र पर रखा दिया। ऐसे में एमए-एमएड की परीक्षा प्रभावित होने की नौबत आ गई है। कालेज की आपत्ति के बाद विश्वविद्यालय ने पहले केंद्र बढ़ाने पर विचार किया। मगर अधिकारियों ने एमएड की परीक्षा को आगे बढ़ा दिया है। उधर नया शेड्यूल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी हो चुका है।दिसंबर अंतिम सप्ताह में विश्वविद्यालय ने एमए, एमकॉम, एमएससी और एमएड की परीक्षा जनवरी में रखी थी। 15 जनवरी से एमएड दूसरे-चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक तय की गई। साथ ही 16 जनवरी से एमए पहला और 17 जनवरी से तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा होना है। इसका समय दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक रखा है। दो सत्रों में होना थी परीक्षा पिछले सप्ताह विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के लिए केंद्र बनाए। जैन दिवाकर कॉलेज में सुबह और दोपहर दोनों सत्र में परीक्षा संचालित होना थी। कॉलेज ने



विश्वविद्यालय को पत्र लिखा और कहा कि कॉलेज में लगातार दो सत्र में परीक्षा करवाना है, जो थोड़ा मुश्किल है, क्योंकि एमएड की पेपर खत्म होते ही एमए की परीक्षा करवाना होगी। जबकि विद्यार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश के लिए कम से कम तीस मिनट का समय देना होता है यह स्थिति कालेज के सामने नहीं बन रही है। एमएड दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा बढ़ाई कालेज की आपत्ति आने के बाद पहले विश्वविद्यालय ने केंद्र बढ़ाने पर विचार किया, लेकिन अधिकांश सरकारी कालेजों में दो सत्र में परीक्षा होगी। फिर विश्वविद्यालय ने एमएड की परीक्षा पंद्रह दिन आगे बढ़ाई। अब एमएड दूसरे सेमेस्टर की 27 और चौथे सेमेस्टर की 29 जनवरी से परीक्षा होगी। परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि एक केंद्र पर दो परीक्षाएं लगातार रख दी गई, जिसे वहां विद्यार्थियों व परीक्षा गतिविधियों को संचालन में थोड़ी परेशानी आ रही थी। इसके चलते एमएड परीक्षा का टाइम टेबल बदला गया है।

## कारसेवकों की गुहार- बाबरी मस्जिद ढहाने में हमारा महत्वपूर्ण योगदान, मूर्ति स्थापना में हमें भी मौका मिले

**सिटी चीफ इंदौर।**
साल 1992 में बाबरी मस्जिद को ढहाने में हमारा भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसलिए मूर्ति स्थापना में हमें भी मौका मिले। ऐसी ही गुहार मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले के तराना में रहने वाले कारसेवकों ने सरकार से लगाई है। उनका कहना है कि छह दिसंबर 1992 को पूरे भारत से कारसेवक अयोध्या में स्थित बाबरी मस्जिद का ढांचा ढहाने पहुंचे थे। उस वक्त उज्जैन के तराना से हिन्दू सिंह गुर्जर, ईश्वर सिंह गुर्जर समेत 200 से अधिक लोगों ने कार सेवा में हिस्सा लिया था और बाबरी मस्जिद का ढांचा गिराकर रामलला को सुरक्षित वहां से हटाकर समीप में स्थित नीम के पेड़ के नीचे स्थापित किया था। अब जब रामलला का भव्य मंदिर बन रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ 22 जनवरी को इसका उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर एक बार फिर तराना से सभी कारसेवक उदघाटन समारोह में हिस्सा लेने पहुंचेंगे। लेकिन उनकी मांग है कि उन्हें भी इस आयोजन में शामिल होने का मौका दिया जाए। हिन्दू सिंह गुर्जर ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि दिसंबर 1992 को अयोध्या कार सेवक पहुंचे थे और लगातार 10 दिन वहां प्रवचन में हिस्सा लेकर सरयू नदी के किनारे बालू रेत लेकर रामलला के मंदिर पहुंचे थे और बाबरी मस्जिद की तीन दीवारों को फांदते हुए मुख्य द्वार तक पहुंचे थे। जहां रामलला विराजित थे। वहां पहुंचने पर गार्ड ने रामलला के बाबरी मस्जिद के मलबे में दब जाने की आशंका जताते हुए उनको वहां से बाहर निकालने के लिए कहा, तब हमने रामलला को वहां से सुरक्षित उठाकर समीप में स्थित नीम के पेड़ के नीचे स्थापित किया। इस दौरान रामलला के पास रखा हुआ कलश जिसमें से हमने पानी पीया। कारसेवक बाबरी मस्जिद के ढांचे पर पहुंचे और उसे ढहाया और इस दौरान मुझे और मेरे साथी को चोट आई और हमें फैजाबाद के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां हमारा इलाज किया गया। इसके बाद वहां के स्थानीय प्रशासन ने हमें फिर ढांचे के पास छोड़ दिया।

# नंबर वन की ट्राफी लेकर इंदौर पहुंचे महापौर, राजवाड़ा पर मना जश्न



**सिटी चीफ इंदौर।**
स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर लगातार सातवीं बार शीर्ष पर रहा है। इंदौर को गुरुवार को दिल्ली में पुरस्कार से नवाजा गया। रात को महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य अधिकारी नंबर वन की ट्राफी लेकर इंदौर लौटे। इंदौर एयरपोर्ट पर उनका ढोल-ढमाकों के साथ स्वागत हुआ। यहां से दल राजवाड़ा पहुंचा। राजवाड़ा पर इंदौर के नंबर वन आने का जश्न मनाया गया। यहां जमकर आतिशबाजी भी हुई। इस दौरान स्वच्छता का नया गीत चमक रहा इंदौर भी लांच किया गया। एयरपोर्ट से महापौर सहित अन्य अधिकारियों का दल राजवाड़ा पहुंचा। यहां महापौर पुष्यमित्र भार्गव, मंत्री तुलसी सिलावट, निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने अहिल्या बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्वच्छता में इंदौर के लगातार सातवीं बार नंबर वन आने पर राजवाड़ा पर जमकर आतिशबाजी भी की गई। दिल्ली से नंबर वन का खिताब लेकर पहुंचे दल से पहले इंदौर एयरपोर्ट पर श्री हनुमंत ध्वज की तरफ से 20 नासिक ढोल द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। ढोल की प्रस्तुति के दौरान देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।

# मध्य प्रदेश का पहला जेएन.1 वैरिएंट का मरीज इंदौर में मिला

**सिटी चीफ इंदौर।**
मध्य प्रदेश का पहला ओमिक्रान के सब वैरिएंट जेएन.1 का मरीज इंदौर में मिला है। यह 33 वर्षीय महिला के सैंपल में पाया गया, जो मालदीव से लौटी थी और 12 दिसंबर को जांच में कोविड पाजिटिव आई थी। हालांकि मरीज को होम आइसोलेशन में रखा गया था और पूरी तरह से ठीक होने के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया था।एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. अमित मालाकार के मुताबिक, पिछले एक महीने में पाजिटिव पाए गए करीब 32 सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए एम्स भोपाल भेजे गए हैं। परीक्षण के लिए भोपाल भेजे गए सभी सैंपल में से अभी तक केवल एक की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। 33 वर्षीय महिला को सर्दी-खांसी जैसे हल्के लक्षण थे, जिसके बाद वह और उसके परिवार के एक सदस्य की निजी लैब में जांच हुई थी, जिसमें दोनों पाजिटिव पाए थे। इंदौर में अभी नौ एक्टिव मरीज जिला महामारी विशेषज्ञ डा. अंशुल मिश्रा ने बताया कि महिला मरीज मालदीव से लौटी थी। उन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया था और



सात दिनों के बाद उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आने पर डिस्चार्ज कर दिया था। वे पहले भी मुंबई जा चुकी थी। वहीं गुरुवार को एक 21 वर्षीय व्यक्ति भी कोविड पाजिटिव पाया गया है। शहर में कुल नौ एक्टिव मरीज है। जिन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है। घबराने की जरूरत नहीं एमजीएम मेडिकल कालेज के डीन डा. संजय दीक्षित ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह विशेष स्ट्रेन हल्की बीमारी का कारण बनता है। हालांकि, यह महत्वपूर्ण है कि संवेदनशील आबादी, बुजुर्गों, मोटापे से ग्रस्त और क्रानिक आब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी), मधुमेह, कैंसर और अन्य लोगों की देखभाल की जाए। भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाने से बचें, मास्क का उपयोग करें, कोविड की जांच कराएं। ओमिक्रान के बीए.2.86 सब वैरिएंट का मरीज भी मिला गुरुवार को शहर में 52 साल के एक व्यक्ति के सैंपल में ओमिक्रान का बीए.2.86 सब वैरिएंट भी पाया गया। सैंपल की जीनोम सिक्वेंसिंग श्री अरबिंदो इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में की गई थी। डा. महक भंडारी ने बताया कि एक मरीज की सर्दी, खांसी होने पर कोरोना जांच की, जिसमें वह पाजिटिव पाया। हमने जिनोम सिक्वेंसिंग की तो उसमें बीए.2.86 वैरिएंट मिला है। यह कोरोना का नया वैरिएंट है। इसमें कोई डरने की बात नहीं है।

# यात्रा में बनाए गए 15 हजार आयुष्मान कार्ड 48 हजार लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण




**सिटी चीफ इंदौर।**
विकसित भारत संकल्प यात्रा ने इंदौर जिले में एक बड़ा पड़ाव पार कर लिया। मात्र 26 दिनों की अल्प अवधि में 6 लाख 41 हजार से अधिक लोग यात्रा में शामिल हो चुके हैं। यात्रा में 15 हजार लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए। वहीं 48 हजार लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा इंदौर जिले में निरंतर रूप से गति पकड़ रही है। यात्रा अभी तक 284 ग्राम पंचायतों और 49 शहरी स्थानीय निकायों पहुंच चुकी है। यात्रा में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना नामांकन, माय भारत स्वयंसेवक पंजीकरण, आयुष्मान कार्ड का वितरण जैसी विभिन्न ऑन-स्पॉट सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं।यात्रा में दिया गया ये लाभ इंदौर में अभी तक लगभग 6 लाख 41 हजार लोग इस यात्रा में शामिल हो चुके हैं। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से 48 हजार 577 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है। यात्रा के दौरान 3 लाख 46 हजार 391 लोगों ने आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी का संकल्प भी लिया है। लगभग 15 हजार 182 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। जिले की 283 ग्राम पंचायतें ऐसी हो चुकी हैं जहां शत-प्रतिशत हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। 2 हजार 663 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ दिया जा चुका है। 280 ग्राम पंचायत में भूमि रिकॉर्ड बने 16 हजार से अधिक लोग का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और 8 हजार 990 हितग्राहियों का जीवन ज्योति योजना के लिए पंजीयन किया जा चुका है। 10 हजार से अधिक लोगों का माय भारत स्वयंसेवक में पंजीयन किया जा चुका है। जिले की 280 ग्राम पंचायतों में भूमि रिकॉर्ड के शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया जा चुका है।

# इंदौर से सीखकर गुजरात का सूरत शहर भी बना स्वच्छता में नंबर वन

**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में इंदौर के साथ संयुक्त रूप से सबसे स्वच्छ शहर का पहला स्थान पाने वाले सूरत ने सफाई व्यवस्था इंदौर से ही सीखी। इंदौर में सफाई के लिए हुए नवाचार व अन्य माडल को सूरत के अधिकारियों ने अपने यहां लागू किया। यही वजह है कि तीन वर्षों से जो सूरत दूसरे स्थान पर बना हुआ था, इस बार के स्वच्छ सर्वेक्षण में इंदौर के साथ नंबर-1 पर आ गया। दो वर्षों से लगातार इंदौर आए सूरत के प्रतिनिधिदो वर्षों से लगातार सूरत के जनप्रतिनिधि, एनजीओ व कंपनियों के प्रतिनिधि इंदौर आए और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरे से कम्पोस्ट व गैस बनाने जैसे अन्य माडल लागू किए। इंदौर शहर के कचरा प्रबंधन के माडल को सूरत में लागू किया गया। यही वजह है कि अब वहां गीले, सूखे कचरे के अलावा घरेलू हानिकारक कचरा भी अलग-अलग लिया जाता है। कचरे के पहाड़ को खत्म किया इंदौर के ट्रेंचिंग ग्राउंड पर 15 लाख टन जमा कचरे के पहाड़ को बायो रेमेडिएशन पद्धति से खत्म किया गया था। सूरत के डायमंड पार्क के पास मौजूद कचरे के पहाड़ को खत्म करने में इसी पद्धति का उपयोग किया जा रहा है डोर-टू-डोर वाहनों में किया बदलाव सूरत में घरों व प्रतिष्ठानों से कचरा एकत्र करने वाले डोर-टू-डोर वाहनों में पहले एक ओर गीला और दूसरी ओर सूखा कचरा डालने की व्यवस्था थी। इससे गली में वाहन जाने पर दोनों ओर के लोगों को कचरा डालने के लिए परेशानी होती थी। इंदौर की तरह सूरत के वाहनों को बदला गया। बायो सीएनजी प्लांट की तैयारी सूरत में गीले कचरे से कम्पोस्ट बनाई जा रही थी। अब वहां पर गीले कचरे से बायो सीएनजी प्लांट लगाने की तैयारी है। सूखे कचरे की छंटाई के लिए मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी मशीन लगाई है। इंदौर की तर्ज पर सूरत में पिछले साल करीब सात कचरा ट्रांसफर स्टेशन तैयार किए गए। यहां घरों से एकत्र किया जाने वाला कचरा पहुंचाया जा रहा है। पब्लिक टायलेट बेहतर किए इंदौर चार-पांच साल पहले ही अपने सुविधाघर व यूरिनल का निर्माण व सुधार कर चुका है। सूरत में दो वर्षों में इस व्यवस्था को बेहतर बनाया गया। वहां खुले में शौच व पेशाब करने वालों पर सख्ती भी की गई। वेस्ट टू आर्ट से सजाया इंदौर में जिस तरह कबाड़ व अनुपयोगी चीजों से कलाकृतियां बनाकर शहर को सजाया गया, उसी तरह सूरत की सजावट भी की गई है। ताप्ती नदी के किनारे नाला टेपिंग इंदौर में जिस तरह कान्ह व सरस्वती नदी में ड्रेनेज जाने से रोकने के लिए नाला टेपिंग की गई। उसी तर्ज पर सूरत की ताप्ती नदी में नाला टेपिंग के लिए 700 से 800 करोड़ रुपये का बजट बनाया गया और काम शुरू हुआ।

# जानिये किन कारणों से इंदौर लगातार सातवीं बार बना देश का सबसे स्वच्छ शहर

**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर ने लगातार सातवीं बार देश का सबसे स्वच्छ शहरबनकर इतिहास रच दिया। इसी के साथ इंदौर ने यह भी बता दिया कि इसके पीछे संकल्प, संघर्ष, परिश्रम और योजना का बड़ा योगदान है। इंदौर कई नवाचारों से देशभर में स्वच्छता का ऐसा प्रतिमान स्थापित कर चुका है जहां तक पहुंचना महानगरों के लिए भी फिलहाल स्वप्न ही है। इंदौर जनभागीदारी का बेहतर उदाहरण है। जब इंदौर नगर निगम ने गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करने की अपील की तो यहां के लोगों ने घर में दो अलग-अलग बिन रखना शुरू कर दिए। अब यहां के नागरिक सिर्फ गीला-सूखा कचरा ही अलग-अलग नहीं करते बल्कि प्लास्टिक, ई-वेस्ट, घरेलू हानिकारक कचरा भी अलग-अलग करके देते हैं। **दूसरे शहर अपना रहे इंदौर का माडल** इंदौर का यह माडल आज देश के दूसरे शहर भी अपना रहे हैं। बता दें, गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 पुरस्कार समारोह में गुजरात के सूरत को भी इंदौर के साथ संयुक्त रूप से देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया है। **सिंगल प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान चलाया** इंदौर को सिंगल प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में बीते वर्ष विशेष अभियान चलाए गए। सिंगल प्लास्टिक का विक्रय रोका गया। सिंगल यूज प्लास्टिक को रिसाइकिल करने की जिम्मेदारी उत्पादकों को देने पर इंदौर नगर निगम एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पांसिबिलिटी (ईपीआर) क्रेडिट पाने वाले देश का पहला नगरीय निकाय बना। ई- कचरा संग्राहक वाहनों और ई-बसों की संख्या बढ़ाई डीजल से चलने वाले डोर-टू-डोर कचरा संग्राहक वाहनों के स्थान पर इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया गया। ई-बसों की संख्या में भी बढ़ोतरी की गई। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर में दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर ई-चार्जिंग स्टेशन बनाए गए। सफाई मित्रों के लिए तैयार किया एप निगम के साढ़े सात हजार से ज्यादा सफाई मित्रों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए मोबाइल एप तैयार किया गया। जोन कार्यालयों में उनकी छोटी-मोटी समस्याओं के समाधान के लिए सिंगल विंडो स्कीम लागू की गई। स्वच्छ सर्वेक्षण में भी इसका लाभ मिला। कंट्रोल रूम से हर कचरा संग्राहक वाहन पर नजर डोर-टू-डोर कचरा संग्राहक वाहनों की समय पर रवानगी और आगमन को सुनिश्चित करने के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया और प्रत्येक वाहन की निगरानी सुनिश्चित की गई। असर यह हुआ कि किसी कचरा संग्राहक वाहन के किसी गली में तय से अधिक फेरे लगाने या या समस्या होने पर किसी मोहल्ले में समय पर नहीं पहुंचने की जानकारी तुरंत कंट्रोल रूम को मिल जाती है। समस्या का समाधान करते हुए दूसरा वाहन भेज दिया जाता है। हर जोन में खोला थ्री-आर सेंटर सभी 19 जोन में नगर निगम ने थ्री-आर (रियूज, रिड्यूस, रिसाइकिल) केंद्र खोले। इनका उद्देश्य घरों में पड़ी अनुपयोगी वस्तुओं, सामग्री को किसी के लिए उपयोगी बनाना है। इससे एक तरफ कचरा नियंत्रित करने में मदद मिली वहीं दूसरी तरफ इस नवाचार से लोगों को काम भी मिला।

# भारत भवन में भोपाल साहित्योत्सव का शुभारंभ आज, गौहर महल में देखें परी बाजार

**सिटी चीफ भोपाल**

शहर में कलात्मक, सांस्कृतिक, सामाजिक, खेल, धार्मिक आदि गतिविधियों का सिलसिला निरंतर चलता रहता है। शुक्रवार 12 जनवरी को भी शहर में ऐसी अनेक गतिविधियों का आयोजन होने जा रहा है, जिनका आप आनंद उठा सकते हैं। यहां हम कुछ ऐसे ही चुनींदा कार्यक्रमों की जानकारी पेश कर रहे हैं, जिसे पढ़कर आपको अपनी दिन की कार्ययोजना बनाने में आसानी होगी। सामूहिक सूर्य नमस्कार - स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी विद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन होगा। इस अवसर पर सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव शामिल होंगे। सभी स्कूलों में सुबह नौ बजे से प्रात: 10.30 बजे तक कार्यक्रम होगा। भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल - भारत भवन में साहित्य और कला प्रेमियों को समर्पित तीन दिवसीय भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल का छठवां संस्करण 12 जनवरी से शुरू होने



जा रहा है। इसमें 3 दिन तक कुल 50 सत्र होंगे, जिनमें 90 से ज्यादा वक्ता शामिल होंगे। फेस्टिवल के दौरान युवाओं के लिए कहानी पाठ, चित्रकारी और काव्य प्रतियोगिताएं भी होंगी। इस तीन दिवसीय महोत्सव में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय परिदृश्य, कला और साहित्य को समर्पित विभिन्न विषयों पर 50 से भी ज्यादा सत्रों का आयोजन हर रोज सुबह 11 से रात आठ बजे तक होगा। बाग उत्सव - मप्र हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम की ओर से जवाहर चौक में स्थित मृगनयनी एंपोरियम में बाग उत्सव के तहत बाग प्रिंट के वस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई गई है। बाग उत्सव का समय सुबह 11 बजे से रात आठ बजे तक है।ा माह का प्रादर्श - इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मावन संग्रहालय के वीथि संकुल में माह का प्रादर्श के रूप में टेराकोटा पात्र पर चित्रित मनसा घट को प्रदर्शित किया गया है। बंगाली लोक कला के इस शानदार नमूने का अवलोकन सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक किया जा सकता है। चित्र प्रदर्शनी - मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की लिखंदरा दीर्घा में भील चित्रकार मुकेश बारिया के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का शुभारंभ आज होगा। प्रदर्शनी को दोपहर 12 बजे से शाम सात बजे तक देखा जा सकता है। पुरातत्व प्रदर्शनी - राज्य संग्रहालय में डा. वीएस वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान द्वारा प्रदेश भर में निष्पादित पुरातत्वीय कार्यों और शैलश्रालयों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इसे सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक देखा जा सकता है। परी बाजार - भोपाल की कला, संस्कृति और साहित्य पर केंद्रित परी बाजार का आयोजन गौहर महल में किया जा रहा है। इसमें जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित वान्या के सात स्टाल्स लगे हैं। बेगम आफ भोपाल क्लब की ओर से आयोजित इस चौथे परी बाजार में प्रदेश के जनजातीय अंचलों से आए कलाकार भी अपनी गोंड, भील और बैगा पेंटिंग्स व हस्तशिल्प का प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं वन्या द्वारा जनजातीय व्यंजनों का एक स्टाल भी लगाया गया है। इसे दोपहर 01 से रात 08 बजे तक देखा जा सकता है।

# कलियासोत के कैचमेंट का अतिक्रमण चिह्नित, कार्रवाई से पहले हाईकोर्ट ने दिया स्टे

**सिटी चीफ भोपाल**



एनजीटी के आदेश के बाद जिला प्रशासन व नगर निगम के अधिकारियों ने कलियासोत नदी के नो कंस्ट्रक्शन जोन का चिह्नांकन व सीमांकन कर लिया गया है। इसमें करीब 1100 से अधिक अतिक्रमणों को चिह्नित कर नोटिस भी भेजे गए हैं। लेकिन कार्रवाई से पहले इस मामले में रहवासियों की याचिका पर हाईकोर्ट ने स्टे दे दिया है। कोर्ट के सामने रहवासियों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि जब यहां निर्माण अवैध था, तो अधिकारियों ने अनुमति क्यों दी।बता दें कि नगर निगम ने कलियासोत नदी के इर्द-गिर्द 33 मीटर के दायरे में आ रहे निर्माण कार्यों को लेकर 700 से अधिक लोगों को नोटिस दिए हैं। इन्हीं नोटिस की कार्रवाई को रोकने के लिए स्टे दिया गया है। इसके अलावा इस हिस्से में रह रहे 350 से अधिक झुग्गिवासियों को भी नोटिस जारी किया गया है। इस मामले में नोटिस मिलने के बाद रहवासियों का तर्क था कि नगर निगम समेत अन्य एजेंसियों की अनुमति के आधार पर ही मकानों का निर्माण किया गया है, फिर यह अवैध कैसे हो सकते हैं। रहवासियों ने लगाई थी याचिका इस मामले में रहवासियों ने नगर निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. के सामने भी पक्ष रखा था। इसके बाद हाईकोर्ट में सागर प्रीमियम फेस-2 के रहवासियों के पक्षकार एडवोकेट आर्यन उरमलिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा नोटिस दिए जाने के मामले में रहवासियों की तरफ से उच्च न्यायालय में याचिका लगाई गई थी। इस पर गुरुवार को सुनवाई हुई। शाम साढ़े चार बजे तक मामले में सुनवाई चलती रही। जिसके बाद स्टे दिया गया है। कोर्ट का रुख सख्त, चार सप्ताह में मांगा जवाब सिग्नेचर 99 के रहवासी राजेश अवस्थी ने बताया कि नगर निगम के नोटिस को लेकर रहवासियों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस मामले में निगम को अगले 4 सप्ताह में जवाब देने को कहा गया है। दरअसल नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 11 अगस्त को आदेश दिया था कि भोपाल की नदी कलियासोत के 33-33 मीटर के ग्रीन बेल्ट को आरक्षित किया जाए। इसके लिए 31 दिसंबर तक चिह्नांकन, सीमांकन कर अतिक्रमण को हटाया जाकर हरियाली विकसित की जाए। इस अवधि में जिला प्रशासन ने सीमांकन का काम पूरा कर लिया। वहीं एनजीटी के समक्ष 15 जनवरी से पहले रिपोर्ट सौंपना है। हालांकि, इससे पहले निगम के नोटिस पर रहवासियों को स्टे मिला है।

# ज्वेलर्स की दुकान लूटने की साजिश रचते चार बदमाश गिरफ्तार

**सिटी चीफ भोपाल**

बैरसिया थाना पुलिस ने 9-10 जनवरी की रात में करीब तीन बजे डकैती की योजना बनाते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहा। गिरोह के सदस्यों के पास से एक आटो, स्कूटर और ताला तोड़ने के औजार सहित अन्य सामान जब्त किया गया है। भोपाल के रहने वाले सभी आरोपितों के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से चोरी और नकबजनी समेत गंभीर अपराध दर्ज हैं। पूछताछ में पता चला कि वह मेला ग्राउंड के पास एक सराफा कारोबारी की दुकान लूटने के इरादे से इकट्ठा हुए थे।बैरसिया थाना प्रभारी नरेंद्र कुलस्ते ने बताया कि मंगलवार-बुधवार की रात करीब दो बजे सूचना मिली थी कि बैरसिया मेला ग्राउंड के पास एक आटो



और एक स्कूटर के साथ चार-पांच लोग हथियार लेकर खड़े हैं। संभवत- वे लोग किसी बड़ी वारदात के इरादे से वहां जमा हुए हैं। सूचना की तस्दीक करने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की। इसी बीच एक बदमाश अंधेरे और कोहरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा, जबकि चार बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया। इन्हें किया गिरफ्तार पूछताछ में आरोपितों की पहचान भोपाल निवासी अभिषेक उर्फ गोलू चौहान, मोहमद युसूफ, दीपू चौहान और इमरान खान के रूप में हुई। उनके पास से पुलिस ने एक आटो, स्कूटर, लोहे की राड, धारदार चाकू, रस्सी, लाठी, लालमिर्च पावडर, मोबाइल फोन के साथ ही 25 हजार रुपये नकद भी जब्त किए हैं।

# भोपाल में स्कूली बच्चों संग मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया सूर्य नमस्कार, समझाया योग का महत्व

**सिटी चीफ भोपाल**

भोपाल। आज विवेकानंद जयंती है, जिसे राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर आज प्रदेश के स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जा रहा है। राज्यस्तरीय प्रमुख आयोजन राजधानी के शिवाजी नगर में स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में हो रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव भी पहुंचे हैं। उन्होंने यहां स्कूली बच्चों के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। इससे पहले उन्होंने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में





बच्चों को योग का महत्व समझाया। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश के मुताबिक प्रदेश के सभी स्कूलों में यह कार्यक्रम एक साथ संपन्न हो रहा है, जिसमें स्थानीय जन-प्रतिनिधिगण, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं, समितियों के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक भी शामिल हैं। इस आयोजन में छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों का शामिल होना स्वैच्छिक है। वहीं प्राथमिक शाला में कक्षा एक से पांचवीं तक के बच्चे सूर्य नमस्कार करने में शामिल नहीं हैं। हालांकि उन्हें दर्शक के रूप में उपस्थित रहने की छूट दी गई।

# शौचालयों ने दिलाया वाटर प्लस कचरे ने किया रेटिंग का कचरा

**सिटी चीफ भोपाल**

**ग्वालियर-** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में जिन कारणों की वजह से नगर निगम वाटर प्लस का खिताब पाने से वंचित रह गया था, उस पर वर्ष 2023 में पूरा ध्यान दिया गया। इसका नतीजा यह रहा कि इस साल निगम को यह खिताब मिल गया, लेकिन केंद्र सरकार से बजट मिलने के बावजूद निगम के अधिकारी एक साल के अंदर डंप साइट पर पड़े कचरे का निष्पादन तक शुरू नहीं करा पाए। एक साल तक प्रोजेक्ट फाइलों में ही घूमता रहा और सर्वे के लिए जब टीमें शहर में आईं, तो उन्हें कचरे के पहाड़ नजर आए। इसका नतीजा यह रहा कि कचरा मुक्त शहर की सेवन स्टार रेटिंग की दावेदारी करने के बावजूद नगर निगम को 1375 में से सिर्फ 725 अंक ही मिले। यदि समय रहते कचरे के निष्पादन शुरू होता, तो निगम को 650 अंकों का और लाभ मिलता। इससे ग्वालियर शीर्ष-10 शहरों में शामिल होता।स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की रैंकिंग जारी होने के बाद अक्टूबर 2022 में ही नगर निगम को लैंडफिल साइट पर पड़े कचरे के निपटारे के लिए केंद्र सरकार से 33 करोड़ रुपए का बजट मिल गया था। अधिकारी यदि तेजी से प्रयास करते, तो अधिकतम तीन माह के अंदर सारी प्रक्रियाएं पूरी कर टेंडर जारी किए जा सकते थे। इसके अलावा एक से दो माह में काम शुरू हो जाता यानी फरवरी-मार्च माह तक कचरे के निस्तारण की प्रक्रिया शुरू हो सकती थी, लेकिन बजट मिलने के बाद अधिकारी निश्चिंत होकर बैठ गए। यही कारण है कि अक्टूबर 2023 में जाकर टेंडर प्रक्रिया पूरी हो सकी। इसी बीच स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत गार्बेज फ्री सिटी और मुख्य सर्वे के लिए सितंबर-अक्टूबर माह में टीमें शहर में आईं थीं, जिन्हें लैंडफिल साइट पर कचरे का निष्पादन शून्य मिला। उधर टेंडर होने के बाद कंपनी ने साइट पर ट्रामल लगाने के लिए सिविल वर्क शुरू कराया और फिर मशीनें भी लगा दीं। अभी भी इन मशीनों की टेस्टिंग चल रही है। यही कारण है कि कचरे के निष्पादन के मामले में निगम को शून्य प्रतिशत अंक मिले हैं। तिरुपति के बजाय ग्वालियर को मिलता आठवां स्थान ग्वालियर को कचरा मुक्त शहर की श्रेणी में 1375 में से सिर्फ 725 अंक हासिल हुए हैं यानी 650 अंक सिर्फ इसीलिए काटे गए, क्योंकि शहर में कचरे का निष्पादन शुरू नहीं हुआ था। रेटिंग भी थ्री स्टार रही है।

# कमल नाथ से मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन यादव, दोनों के मध्य आधा घंटा चर्चा



**सिटी चीफ भोपाल**

सीहोर में भारतीय जनता पार्टी की बैठक में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव गुरुवार रात पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ से मिलने के लिए राजधानी में श्यामला हिल्स स्थित उनके आवास पहुंचे। कमल नाथ ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री मोहन यादव का स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच करीब आधा घंटे चर्चा हुई। इस दौरान प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। डा. यादव ने कमल नाथ से प्रदेश के विकास में सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा की।

# शहर पहली बार जनवरी माह में मनायेगा दीपावली, दीप जगमगाएंगे

**सिटी चीफ भोपाल**

**ग्वालियर-** अयोध्याधाम में 22 जनवरी को जन्मभूमि रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए देशभर की तरह समूचे राष्ट्र में दीपोत्सव जैसा वातावरण बन गया है। पूरा शहर दीपों के प्रकाश जगमगाएगा। घरों में राम पताका फहराने के साथ सुंदरकांड के पाठ, हनुमान चालीस व रामधुन के साथ राम कीर्तन होंगे। शहर में सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने भंडारों की तैयारी शुरू हो गईं हैं। विश्व हिन्दू परिषद ने गृह संपर्क अभियान के तहत 351 टोलियों ने 15 हजार 190 परिवारों से संपर्क कर 22 जनवरी के बाद अयोध्याधाम में रामलला के दर्शनों के लिए आमंत्रित किया।मांझी समाज 501 दीपक की रंगोली सजाएगा शहर के कई जगहों पर होर्डिंग पोस्टर लगाकर भी 22 जनवरी को होने वाले अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की जानकारी देकर श्रीरामोत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। फूलबाग पर मांझी समाज करेगा 501 दीपक रंगोली व मिष्ठान वितरण, सिकंदर कंपू विष्णु कालोनी निवासी करेंगे सुंदरकांड व प्रसादी वितरण, भेल्स बली माता बोडापुर पर शिवानी कुशवहा के मध्यम से मंदिर में भजन कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। अजय राजपूत की टीम द्वारा तिकोनिया चौराहे पर दो हजार लोगों का भंडारा किया जाएगा। रामकला नगर में विकाश झा द्वारा आतिशबाजी की जायेगी, थोरेट सरकार आश्रम आमखो पर दो हजार लोगों का भंडारा वितरण, हरकोटा सिर पंचमुखी हनुमान मंदीर पर भजन-मंडली का कार्यक्रम विकाश गोड़िया द्वारा किया जायेगा। इन क्षेत्रों में चला गृह संपर्क अभियान विश्व हिंदू परिषद द्वारा चलाये जा रहे अक्षत वितरण गृह संपर्क अभियान के तहत एबी रोड वाला मोहल्ला, टोपी वाला मोहल्ला, शेख की बगिया, गुणनखंड 12 बीघा, महादेवजी नगर, सैनिक कालोनी, शंकर कालोनी, पटिया वाला मोहल्ला, बालाजीपुरम, वीरपुर गांव, गोल पहाड़िया शांति हाई स्कूल शिव नगर, न्यू शांति नगर, काशी नरेश बस्ती, कोटेश्वर बस्ती, घास मंडी, सुभाष वस्ती, तमेश्व बस्ती, सत्य नारायण बस्ती, मास्टर साहब की बगिया, शिव नगर 1, शिव नगर 2, लक्ष्मी पुरम खंड, श्री विहार खंड, सी ब्लॉक मोहल्ला, आनंद नगर, शील नगर, श्रुति इंकलेव, सूबे का बाड़ा, निमालकर की गोठ, जेपी बस्ती मोहल्ला आदि में 351 टोली के माध्यम से 15190 परिवारों के घर संपर्क करते हुए अक्षत, राम चित्र, राम मंदिर का स्टिकर देकर आमंत्रित किया गया।

# अतिथि शिक्षक खुदकुशी मामले में आरोपित स्कूल प्राचार्य को किया निलंबित




**सिटी चीफ भोपाल**

हर्राखेड़ा स्थित शासकीय उमावि के अतिथि शिक्षक खुदकुशी मामले में लोक शिक्षण संचालनालय की आयुक्त ने गिरफ्तारी के 21 दिन बाद प्राचार्य को निलंबित कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने आयुक्त को 19 दिसंबर को आरोपित प्राचार्य के निलंबन का प्रस्ताव भेजा था। जिस पर 21 दिन बाद कार्रवाई की गई है।बता दें, कि अशोक नगर निवासी आकाश यादव हर्राखेड़ा स्थित शासकीय अरविंद भार्गव हायर सेकेंडरी स्कूल में बतौर अतिथि शिक्षक नौकरी कर रहे थे। पिछले साल 13-14 अक्टूबर को आकाश ने अपने कमरे में आत्महत्या कर ली थी। आकाश के पास मिले सुसाइड नोट में लिखा था कि प्राचार्य प्रकाश विजयवर्गीय उसके स्थान पर अपने साले को रखना चाहते हैं। अतिथि शिक्षक छगनलाल शाह और नरेंद्र दुबे, प्रिंसिपल के साथ मिलकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। घटना के बाद से गायब थे प्राचार्यो इस मामले में गुनना थाना पुलिस ने स्कूल प्राचार्य समेत तीन लोगों के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था। घटना वाले दिन से ही प्राचार्य बिना बताए स्कूल से गायब हो गए थे। उसके गायब होने के बाद भी विभाग की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। अब गिरफ्तारी के करीब 21 दिन बाद प्राचार्य प्रकाश विजयवर्गीय को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

## संसधान बढ़ाने के लिए गंभीर नहीं प्रदेश सरकार

# अस्पतालों के लिए केंद्र से मिली राशि में से 60 प्रतिशत भी नहीं हुए खर्च

**सिटी चीफ भोपाल**

भोपाल। कोरोना फिर डरा रहा है। नए वैरिएंट की दस्तक के बाद प्रदेश में भी संक्रमित बढ़ रहे हैं। अस्पतालों में उपलब्ध संसाधनों को फिर परखा जा रहा। इन सबके बीच सच्चाई यह है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य संसाधन बढ़ाने के लिए गंभीर ही नहीं रही है। वर्ष 2020 में कोरोना का संक्रमण फैलने के बाद केंद्र सरकार इमरजेंसी कोविड रिस्पांस पैकेज (ईसीआरपी) के अंतर्गत लगातार चार वर्ष से राज्य सरकार को राशि उपलब्ध करा रही है, पर राज्य सरकार खर्च ही नहीं कर पा रही है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट में खुलासा वर्ष 2020-21 में मिले 53 करोड़ रुपये में से 29 करोड़




रुपये ही खर्च हो पाए। इसी प्रकार 2021-22 में मिले 22 करोड़ में से 56 प्रतिशत ही खर्च हुए। 2022-23 में 18 करोड़ मिले पर स्वास्थ्य विभाग ने पिछले वर्षों में मिली राशि को मिलाकर 21 करोड़ रुपये खर्च किए। मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए 39 करोड़ रुपये मिले हैं। इनमें अभी तक 10 करोड़ ही खर्च हो पाए हैं। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट में सामने आई है। उधर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अधिकतर बजट निर्माण कार्य के लिए था। कोरोना संक्रमण की वजह से इसमें देरी हुई, जिससे बजट खर्च नहीं हो पाया। दरअसल, केंद्र से मिली राशि में अधिकांश हिस्सा बुनियादी संसाधन बढ़ाने के लिए था। इसमें अस्पतालों में आइसीयू का निर्माण, बिस्तर संख्या बढ़ाना, वेंटिलेटर, मल्टी पैरामानीटर व अन्य उपकरण की व्यवस्था करना था। निर्माण कार्यों के लिए डीपीआर बनाने और टेंडर करने में लगभग डेढ़ वर्ष चले गए।

## संपादकीय

# जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश देते थे स्वामी विवेकानंद

*देखो, किताबी ज्ञान देने वाले तो हमेशा से बहुत रहे हैं। स्वामी विवेकानंद अनूठे हैं उस आदर्श से जो उन्होंने जी कर प्रस्तुत किया। बहुत कम तुमने साधु-संत, सन्यासी देखे होंगे, जो इतने सुगठित-सुडौल शरीर के हों जितने विवेकानंद थे। खेल की, कसरत की उनकी दिनचर्या में बंधी हुई जगह थी, और यही नहीं कि सिर्फ व्यक्तिगत रूप से खेलते थे; अपने साथियों को भी कहें कि- आवश्यक है, व्यायाम आवश्यक है।*

*अब इस बात को समझना; सूक्ष्म है। एक ओर तो शरीर को बनाकर रखना है, और दूसरी ओर शरीर से चिपक भी नहीं जाना है- जैसे शरीर एक उपकरण है, एक संसाधन है; इस्तेमाल करना है उसका। लेकिन जिस चीज का इस्तेमाल करना है, उसको इस्तेमाल करने के लिए ही सही, स्वस्थ और मजबूत तो रखोगे न? तो मजबूत तो इसको रखना है। उन्होंने कहा, मजबूत रखना है, लेकिन इससे पहचान नहीं बांध लेनी है। जब मौका आएगा, इसको हंसते-हंसते त्याग भी देंगे और शरीर की जितनी हम सेवा कर रहे हैं, जितना इसको तेल पिला रहे हैं, जितना इसको व्यायाम दे रहे हैं, इससे दूना इससे काम लेंगे। तो देह, ये मत सोचना कि मैं तेरा सत्कार भर कर रहा हूं। देह की सेवा बिलकुल करेंगे; उसे अच्छा भोजन देंगे, मांसपेशियों को ताकत से भरपूर रखेंगे, और ये सब करके तुझसे काम वसूलेंगे। देह काम वसूलने के लिए है। देह चमकाकर रुई में सुरक्षित सजाने के लिए थोड़े ही है। ये नई बात थी। सन्यासी फुटबॉल खेल रहे हैं- ये बिलकुल नई बात थी। नहीं तो बूढ़े भारत की बूढ़ी मान्यता तो ये रही थी कि सन्यासी अगर किसी को खेलते हुए देखें, तो कहें, आज ये खेल रहे हैं, कल काल इनके साथ खेलेगा बचा। तो इस ढहते हुए देश के ढहते हुए अध्यात्म में स्वामी विवेकानंद ने एक ताक़त भर दी - स्ट्रेंथ इज़ लाइफ, वीकनेस इज़ डेथ (शक्ति जीवन है, निर्बलता मृत्यु है)। सुनने में साधारण सी बात है, पर बहुत-बहुत कीमती और प्रासंगिक बात है, क्योंकि बहुत पुराना है भारत; इतना पुराना होता गया, होता गया, वृद्ध ही हो गया, जर-जर ही हो गया; ताकत को, स्ट्रेंथ को बिलकुल भूल ही गया। उस वृद्ध भारत में नए प्राणों का संचार करा स्वामी विवेकानंद ने।उन्होंने जीवन से जो क्रान्तिकारी आदर्श प्रस्तुत करा है, उसको देखिए। उनको एक स्वामी मात्र की तरह मत देखिए, या उनको एक वक्ता या लेखक मात्र की तरह मत देखिए। स्वामी विवेकानंद को आप बहुत यादा उनके कृतित्व से नहीं जान पाएंगे। आप कहें, मैं उनकी राज योग पर या कर्म योग पर किताबें पढ़ लूंगा तो मुझे पता चल जाएगा कि स्वामी विवेकानंद कौन थे, तो बात बनेगी नहीं। आपको उस इंसान की जिंदगी को देखना पड़ेगा - बड़ा खूबसूरत, जवान आदमी था। और जब आप उसकी जिंदगी को करीब जाकर देखेंगे, प्यार हो जाएगा आपको; बिलकुल मुरीद हो जाएंगे, फैन। क्योंकि योग इत्यादि की बातें तो बहुतों ने करी, स्वामी विवेकानंद ने भी करी, आज भी न जाने कितने लोग कर रहे हैं बातों की हिन्दुस्तान में कब कमी रही है? बातें करने वाले तो बहुत हैं, करके दिखाने वाले लोग कम रहे हैं। उन्होंने करके दिखाया। उन्होंने खुद आगे खड़े होकर आदर्श प्रस्तुत किया, और बिलकुल नए ढंग का आदर्श - उन्होंने अध्यात्म को जमीन पर उतार दिया, सड़क पर उतार दिया; भारत की ही नहीं, अमेरिका की सड़क पर उतार दिया। जीवन में अगर ज्ञान उतरा है, किसी भी तरीके से - विवेकानंद को रामकृष्ण मिले थे, उस ज़रिए से उनके जीवन में ज्ञान उतरा था। आपके जीवन में किसी भी जरिए से अगर ज्ञान उतरा है, तो ज्ञान के बाद फिर मिशन चाहिए। अगर रामकृष्ण गुरु मिले हैं, तो फिर रामकृष्ण मिशन आएगा ही आएगा। मैं बार-बार कहा करता हूं, मुझे मत बताओ कि तुम्हें पता क्या है। मुझे दिखाओ तुम जी कैसे रहे हो। ये सब पता होना, जानकारी, ज्ञान इत्यादि बहुत मूल्य की चीज नहीं है; बहुतों को पता है। और जीने में जो एक केन्द्रीय बात विवेकानंद पकड़ते थे, वो थी ताकत। मुझे दिखाओ तुम्हारी जिंदगी में ताकत कितनी है?*

# डिजिटल अंतर मिटाने का वक्त

## असमानता की खाई को पाटना बड़ी चुनौती



नए वर्ष में जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव करीब आते जाएंगे, सियासी गर्मी बढ़ती जाएगी। इस दौरान कई गैर-जरूरी मुद्दे बहस के केंद्र में आ सकते हैं, जिससे बाकी मुद्दों को विमर्श से बाहर कर दिया जाएगा। लेकिन एक ऐसा मुद्दा है, जो देश के भविष्य के साथ जुड़ा है। यह है-मानव पूंजी। भारत एक युवा राष्ट्र है, जहां औसत उम्र मात्र 28 वर्ष है। देश के जनसांख्यिकीय लाभ के बारे में बातें होती हैं, पर यह लाभ मिलेगा ही, इसकी गारंटी नहीं है, क्योंकि युवाओं का एक विशाल बहुमत अब भी अपनी पूरी क्षमता का एहसास नहीं कर पा रहा है। मानव पूंजी की कमी इसका एक प्रमुख कारण है। शिक्षा और विपणन कौशल मानव पूंजी के प्रमुख तत्व हैं। इसके बिना बदलती विश्व व्यवस्था में उभरते हुए नए अवसरों का लाभ नहीं उठाया जा सकता। थोड़े लोग हैं, जो इन नए अवसरों के लिए जरूरी कौशल से लैस हैं और उनका लाभ उठा रहे हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि इस वर्ष हम बाकी लोगों के बारे में विचार करेंगे, जो देश में और देश के बाहर उभरते अवसरों का लाभ उठाने के योग्य नहीं हैं। ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय में रॉयल बैंक रिसर्च प्रोफेसर ऑफ इकनॉमिक्स अमर्त्य लाहिड़ी ने हाल ही में कहा है, %हर साल भारत की श्रम शक्ति में 80 लाख से एक करोड़ तक नए श्रमिक जुड़ते हैं। एक दशक तक यह गति जारी रहेगी। इन नए श्रमिकों में से अधिकांश हाई स्कूल या बेहतर शैक्षणिक योग्यताओं से लैस होकर आ रहे हैं। इसलिए उनकी अपेक्षाएं आनुपातिक रूप से ज्यादा हैं और भारत की उपलब्धि के अंतत: अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने के सामान्य राष्ट्रीय आख्यान से और ज्यादा उत्साहित हैं। पर आकांक्षाएं हमेशा जमीनी वास्तविकता से मेल नहीं खातीं। लाहिड़ी के मुताबिक, %असली समस्या कौशल की कमी की है। इस समय भारत करीब 22 लाख ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और पीएच.डी. धारक पैदा करता है। दुर्भाग्य से उनमें से अधिकांश प्रशिक्षण पाने के बावजूद रोजगार के लिए अयोग्य हैं। कुशल श्रमिकों का एक समूह तैयार करने के लिए उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के लिए निरंतर निवेश की आवश्यकता होगी, ताकि उन्हें इन उच्च मानव पूंजी के क्षेत्रों में अच्छे वेतन की नौकरी मिल सके। हाल के वर्षों में युवाओं को हुनरमंद बनाने और उनका कौशल बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। डिजिटल इंडिया पहल के तहत भी कई कार्यक्रम चल रहे हैं। लाखों युवा अब डिजिटल रूप से अधिक समझदार व शिक्षित हैं, पर देश के विभिन्न हिस्सों में अंतर बना हुआ है। जैसे, उत्तरी और दक्षिणी राज्यों और पुरुषों एवं महिलाओं के बीच भारी असमानता है। लाखों भारतीय अब भी स्कूल की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते। मई, 2023 तक देश में साइबर सुरक्षा पेशेवरों के लिए 40,000 रिक्तियां थीं, पर भारतीय भर्ती और मानव संसाधन सेवा कंपनी टीमलीज सर्विसेज की सहायक कंपनी टीमलीज डिजिटल के अनुसार, कौशल की भारी कमी के कारण इनमें से 30 फीसदी रिक्तियां भरी नहीं जा सकीं। पिछले वर्ष मार्च में सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी मल्टीपल इंडिकेटर सर्वे के अनुसार, भारत को सूचना एवं संचार तकनीक (आईसीटी) से संबंधित कुशल पेशवरों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। 11,63,416 लोगों के सैंपल पर आधारित इस डाटा से पता चला कि सभी आयु समूहों में महिलाओं की तुलना में पुरुषों के पास आईसीटी कौशल अधिक है। सर्वे में शामिल 15 से 29 वर्ष के आयु के और केवल 27 फीसदी लोगों ने कहा कि वे दस्तावेज, तस्वीर और वीडियो के साथ ईमेल भेजना जानते हैं। यदि आप इसे राज्यवार देखें, तो तमिलनाडु में 47.1 फीसदी ग्रामीण युवा यह कर सकते हैं, जबकि बिहार में मात्र 17.8 फीसदी। विशेष प्रोग्रामिंग भाषा का उपयोग कर कंप्यूटर प्रोग्राम तैयार करने वालों का प्रतिशत कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में ज्यादा है। देश की एक चौथाई से ज्यादा आबादी 15 से 29 वर्ष के युवाओं की है। इस आबादी में आईसीटी कौशल की कमी तेजी से बढ़ती डिजिटल दुनिया में बड़ी चुनौती है। इस वर्ष इस पर ध्यान केंद्रित करना होगा कि हर युवा को उसकी क्षमता और आकांक्षाओं पर खरा उतरने में कैसे मदद की जा सकती है।

# रामलला मंदिर अर्थात विध्वंस वृत्ति पर धर्म की विजय



*गीता में कृष्ण शस्त्रधारियों में स्वयं को राम कहते हैं, ऐसे में कृष्ण चेतना की खोज में जुटे इस्कॉन के भक्त भी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या नगरी में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बेहद उत्साहित हैं। रामलला मंदिर की पुन: प्रतिष्ठा के अवसर पर इस्कॉन के मंदिरों में घी के दीपक जलाए जाएंगे और समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा उसी दिन इस्कॉन की दिल्ली से अयोध्या तक की 41 दिनों की श्रीराम पद यात्रा भी पूर्ण होगी। इस्कॉन द्वारा अयोध्या में भक्तों को मुफ्त भोजन भी करवाया जाएगा। यह निर्माण आक्रांताओं की विध्वंसक वृत्ति पर धर्म की विजय का प्रतीक है। मंदिर के बजाय अस्पताल-स्कूल बनाने के सुझाव पर उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि कुछ कम बुद्धि वाले लोग मंदिर और स्कूल को परस्पर विरोधी के रूप में देखते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। कुछ लोगों को पार्टियों, फिल्मों और सैर-सपाटे पर खर्च के समय गरीब की याद नहीं आती, सिर्फ मंदिर के मामले में ही ऐसे तर्क दिए जाते हैं। देश को आध्यात्मिक उन्नति की सीढ़ी मंदिरों के साथ स्कूलों जैसे लौकिक तरक्की के साधनों दोनों की जरूरत है। बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न और मंदिरों पर हमलों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि धर्म और अधर्म का लगातार संघर्ष चल रहा है। इस्कॉन धार्मिक विद्वेष के चलते सनातन पर होने वाले हमलों का लगातार प्रतिरोध कर रहा है। हाल ही में बांग्लादेश के चंद्रनाथ शिव मंदिर को बचाने के लिए इस्कॉन के भक्तों ने प्रखर अभियान शुरू किया है। उनके अनुसार, सनातन के प्रचार-प्रसार के लिए शास्त्र धारण किए जाते हैं और इसकी रक्षा के लिए शस्त्र भी उठाए जा सकते हैं। भारत और सनातन धर्म पर ऐतिहासिक हमलों और जबरन धर्मांतरण के बारे में उन्होंने बताया कि हमारी आपसी फूट हमारी पराजय का कारण रही है। इसके अलावा हिंदूओं के एक बड़े वर्ग का अंतर्मुखी स्वभाव भी हिंदू धर्म का यथोचित प्रचार नहीं होने का कारण है। हिंदू समाज निजी सफलता और व्यक्तिगत उन्नति से ही संतुष्ट हो जाता है और सामूहिक धर्म की अनदेखी की जाती है। उनके अनुसार आज हिंदू धर्म में सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि हम अपने धर्मग्रंथों का अध्ययन ही नहीं करते। धर्म के बारे में हमारी जानकारी सतही और टीवी कार्यक्रमों पर आधारित है। उत्तर-पूर्व में धर्मांतरण की समस्या भी हमारी उदासीनता का परिणाम है।*

***दर्शन स्थल के बजाय संस्कार केंद्र बनें मंदिर*** *वर्तमान में धर्म की स्थिति पर उन्होंने बेबाकी से कहा कि हमारे घरों और मंदिरों में हम धर्म को अपेक्षित महत्व नहीं देते हैं। घरों में बने पूजा कक्ष बस किसी तरह अस्तित्व में बने रहते हैं। इसी तरह मंदिर हमारे संस्कार केंद्र होने चाहिए लेकिन वे मात्र दर्शन स्थल बनकर रह गए हैं। लोग मंदिर आते हैं, दर्शन करते हैं और चले जाते हैं, वहां कीर्तन, जप और अध्ययन-श्रवण जैसी परंपराओं का निरंतर ह्रास हो रहा है। कई जगहों पर सफाई और सुव्यवस्था का भी अभाव है। इसी तरह बच्चों को धर्म से जोड़ने पर प्रश्न पर उन्होंने कहा कि दरअसल माता-पिता स्वयं ही धर्म के सत्व से दूर हो रहे हैं, स्वाभाविक रूप से बच्चे भी धर्म के सत्व से दूर हो रहे हैं। माता-पिता धर्म-अध्यात्म और भक्ति को भौतिक उन्नति में बाधा मानते हैं। हालांकि धर्म से यह दूरी हमें आम जिंदगी के सुखों से भी दूर करती है। वर्तमान समय में तनाव, अवसाद और आत्महत्याओं का सबसे बड़ा कारण यही है कि आम लोग धर्म के सत्व से दूर हैं।*



# पीपल के पेड़ के नीचे क्यों रखा जाता है दीपक, जानिए धार्मिक कारण व नियम

***हिंदू धर्म में पूजा के दौरान दीपक जलाने को महत्व दिया जाता है। इस प्रकार वृक्षों के नीचे भी दीया लगाए जाते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, कुछ पेड़ों पर देवताओं का वास होता है। अगर कोई वृक्षों के पास दीपक जलाकर मनोकामना करता है तो उसकी हर अभिलाषा पूरी होती है। अगर आप पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जलाना चाहते हैं तो जानिए इसकी सही विधि और समय सुबह के समय पीपल के पेड़ के नीचे 7 बजे से 10 बजे के बीच दीपक जलाएं। इसे शुभ माना जाता है। सुबह पीपल के वृक्ष पर जल चढ़ाने और दीपक रखने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। वहीं, शाम 5 बजे से 7 बजे के बीच दीपक जला सकते हैं। रात के समय और सुबह 10 बजे के बाद पीपल के पेड़ पर दीपक नहीं जलाना चाहिए। इसके बाद का समय अशुभ माना जाता है। शनिवार के दिन पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जलाना फलदायी माना जाता है। इतना ही नहीं हमेशा सरसों के तेल या घी का दीपक जलाना चाहिए। इससे देवी-देवताओं की कृपा बनी रहती है।***



# इंदौर में दिवाली सा माहौल

## बिक्री इतनी कि कम पड़ा भगवा कपड़ा, बर्तन से लेकर इलेक्ट्रानिक, हर बाजार गुलजार



*इंदौर। अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए इंदौर में दिवाली जैसा माहौल बन गया है, यह बाजार में जमकर खरीदारी हो रही है। पूजन सामग्री, लाइटिंग, भगवा कपड़े से लेकर मिट्टी के बर्तन और पॉलिशिंग का व्यापार चल पड़ा है। आलम यह है कि काम करने के लिए कर्मचारी कम पड़ गए हैं और व्यापारियों को बाहर से कर्मचारी बुलाना पड़ रहे हैं।कपड़ा व्यापारियों की माने तो इंदौर में इन दिनों भगवा कपड़ों की ज्यादा मांग है। जिसमें भगवा गमछे, टोपी और भगवा झंडे ज्यादा बिक रहे हैं। मांग इतनी बढ़ गई है शहर में भगवा कपड़ा कम पड़ने लगा है, इसके लिए व्यापारियों ने और भगवा कपड़ों का ऑर्डर दिया है। यही हाल मारोठिया बाजार का भी है, जहां पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी हो रही है। दीपक से लेकर पूजा में उपयोग होने वाला हर सामान और सूखे मेवे यहां बिक रहे हैं। इसके साथ ही मारोठिया बाजार से लगे बर्तन बाजार में भी पीतल के बर्तन और राम दरबार और मूर्तियां जमकर बिक रही है। साथ ही पुरानी प्रतिमाओं की पॉलिशिंग का कार्य भी चल पड़ा है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक बाजार भी इन दिनों गुलजार है,सजावटी इलेक्ट्रॉनिक सामान की मांग में उछाल आया है। जिसमें सीरीज से लेकर लाइटिंग के कई उपकरण शामिल है।*

# राखी सावंत की गिरफ्तारी तय!

## कोर्ट में ज़मानत ख़ारिज



मुंबई । राखी सावंत के एक्स हसबैंड आदिल खान दुर्रानी ने केस दर्ज किया था. उनका कहना था कि राखी ने उनकी कुछ प्राइवेट चीजें सर्कुलेट की हैं. साथ ही मीडिया चैनल्स को राखी ने उनकी सेक्शुअल वीडियोज लीक की थीं. दिनदोषी सेशन कोर्ट, मुंबई में राखी ने इस मामले में गिरफ्तारी न होने को लेकर जमानत याचिका की अर्जी डाली थी जो रिजेक्ट हो गई है. हालांकि, कोर्ट ने गिरफ्तारी का इंटीरिम प्रोटेक्शन बढ़ा दिया है. ये फैसला कोर्ट ने सुनवाई के कुछ सेशन्स के बाद लिया।

**राखी की रिजेक्ट हुई जमानत याचिका**

राखी की जमानत याचिका का रिजेक्ट करते हुए सेशन कोर्ट जज श्रीकांत भोसले ने कहा- जो राखी ने किया वो गलत था. जिस तरह से उन्होंने अपने एक्स हसबैंड के वीडियोज सर्कुलेट कीं वो गलत मूव है. राखी पर इसी तरह का एक केस पहले से ही पेंडिंग है. इसलिए इनकी जमानत याचिका का खारिज किया जाता है. इस केस में किसी को भी छूट देना सही नहीं है। आदिल का कहना था कि राखी ने जिस तरह से उनकी सेक्शुअल वीडियोज को सर्कुलेट किया है, वो खराब हरकत है. इस केस में आदिल ने राखी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी. सेक्शन 500 (डिफेमेशन), 34 (कॉमन इनटेंशन) सेक्शन 67ए (पब्लिशिंग सेक्शुअली एक्स्प्लीसिट मटीरियल इन इलैक्ट्रॉनिक फॉम) में एफआईआर दर्ज कराई थी।

राखी सावंत ने इस केस में मुंबई कोर्ट में अर्जी डाली थी कि उनकी गिरफ्तारी न हो. जबकि राखी ने इस केस में हर तरह से पुलिस का साथ दिया है. हालांकि, जज भोसले का कहना था कि राखी ने जिन डिवाइसेस से चीजों को सर्कुलेट किया है, वो अबतक पुलिस सीज नहीं कर पाई है. डिवाइसेस अबतक राखी के पास ही हैं. उन्होंने कुछ भी सब्मिट नहीं किया है।

# आयरा और नूपुर की ईसाई रीति-रिवाज से हुई शादी, कपल ने खूब की मस्ती



मुंबई कोर्ट मैरिज के बाद आमिर खान की बेटी आयरा खान और नूपुर शिखरे एक बार फिर उदयपुर में महाराष्ट्रियन नहीं बल्कि ईसाई रीति-रिवाज से शादी के बंधन में बंध गए। इस शाही शादी की तस्वीरें और वीडियो अब सोशल मीडिया पर सामने आ गए हैं। इसमें स्टार कपल क्रिश्चियन स्टाइल आउटफिट पहने नजर आया। इस दौरान आयरा के दूल्हे राजा उर्फ नूपुर ब्लेज़र कोर्ट पैंट में डैशिंग लग रहे थे। वीडियो में वे हाथों में हाथ डाले विवाह स्थल में प्रवेश करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान वहां मौजूद लोग उन पर फूल बरसाते नजर आए। शादी की खुशी आयरा और नूपुर के चेहरे पर साफ झलक रही है। दोनों का ये वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स कमेंट कर शादी की शुभकामनाएं दे रहे हैं। दूसरे वीडियो में आयरा और नूपुर एक दूसरे के साथ रोमांटिक डांस करते नजर आ रहे हैं।इससे पहले कपल की शादी के संगीत फंक्शन की तस्वीरें भी सामने आई थीं, जिसमें आयरा हैवी लहंगे में नजर आईं। साथ में आयरा और नूपुर और आमिर खान व परिवार के बाकी लोग भी संगीत सेरेमनी में खूब मस्ती करते नजर आए। ये तस्वीरें भी सोशल मीडिया के साथ-साथ इंटरनेट पर भी तेजी से वायरल हो रही हैं।

# पंकज त्रिपाठी ने श्रष्ट के नेशनल आइकन का पद छोड़ा, चुनाव आयोग ने बताया कारण



मुंबई- 'मैं अटल हूं' फिल्म को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए एक्टर पंकज त्रिपाठी ने बड़ा कदम उठाया है. उन्होंने इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के नेशनल आइकन का पद छोड़ दिया है. लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पंकज त्रिपाठी का इस तरह का कदम उठाना हर किसी को चौंका रहा है. ऐसे में सभी जानना चाहते हैं कि आखिर क्यों एक्टर ने चुनाव आयोग के नेशनल आइकन के पद से पल्ला झाड़ लिया है. मालूम हो, नेशनल विनिंग एक्टर पंकज त्रिपाठी को अक्टूबर साल 2022 भारतीय चुनाव आयोग ने नेशनल आइकन के तौर पर नियुक्त किया था. चुनाव आयोग ने पंकज त्रिपाठी के इस कदम को उठाने का कारण भी बताया. ट्विटर पर उन्होंने जानकारी देते हुए लिखा, 'एक आगामी फिल्म में पंकज त्रिपाठी एक राजनीतिक नेता के रूप में नजर आएंगे. ऐसे में वह अपने रोल को स्वीकार करते हुए एमओयू की शर्तों के अनुसार स्वेच्छा से ECI के नेशनल आइकन के पद से पीछे हट रहे हैं. एक्टर अक्टूबर 2022 से मतदाता जागरूकता और #SVEEP से जुड़े थे. उनका बहुत बहुत आभार.' इस ट्वीट के बाद साफ है कि पंकज त्रिपाठी ने ये फैसला अपनी आने वाली फिल्म 'मैं हूं अटल' की वजह से लिया है. वह इस फिल्म में दिग्गज नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के रोल में दिखेंगे. इसका निर्देशन रवि जाधव ने किया है और ये फिल्म सिनेमाघरों में 19 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है. एएनआई को दिए इंटरव्यू में, पंकज त्रिपाठी ने राजनीति में उतरने को लेकर जवाब दिया था कि जिस राज्य से वह आते हैं वहां हर कोई राजनेता ही होता है. मालूम हो, एक्टर, जो बिहार में अपने कॉलेज के दिनों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्य थे.

## माफ करना आंटी, लेकिन वो सड़क पर...

### अंकिता लोखंडे की सास के बयान पर फूटा रश्मि देसाई का गुस्सा

बिग बॉस 17 का सफर अब अपने चरम है। हर एक कंटेस्टेंट खुद को शो में बनाए रखने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। धीरे-धीरे हर किसी के पत्ते खुल रहे हैं, और असली व्यक्तित्व सामने आ रहा है। शो, फिनाले की ओर कदम बढ़ा रहा है। बिग बॉस का फैमिली वीक शुरू हो चुका है, और यह काफी धमाकेदार लग रहा है। हालिया एपिसोड में शो में अंकिता लोखंडे की मां और सास दोनों शिरकत करती नजर आईं।

# बॉलीवुड-खेल जगत से लेकर दुनिया के सैकड़ों कलाकार होंगे शामिल

नई दिल्ली। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने एक बयान में कहा कि भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा में लगभग 4,000 संतों और 2,200 अन्य मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। इसमें सियासत, खेल, बॉलीवुड, उद्योग और अध्यात्म से जुड़ी तमाम हस्तियों को निमंत्रण मिला है। बता दें कि 22 जनवरी सभी देशवासियों के लिए खास होने वाली है. अयोध्या में बने राम मंदिर का भव्य उद्घाटन सोमवार, 22 जनवरी 2024 को होगा. इस दिन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा. धर्म गुरुओं की मानें तो मंदिर में भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बिना उनका पूजन अधूरा माना जाता है. भव्य कार्यक्रम में मनोरंजन जगत के भी कई सितारे हिस्सा लेंगे. बीते दिनों अपनी फिल्म 'एनिमल' के जरिए धूम मचाने वाले रणबीर कपूर और नेशन अवॉर्ड विनर उनकी पत्नी आलिया भट्ट को भी इस कार्यक्रम का न्योता भेजा गया है. दोनों यंग जनरेशन को प्रजेंट करते हैं और युवाओं के बीच दोनों ही कलाकारों का खास क्रेज है.



दिग्गज कलाकार और महानायक अमिताभ बच्चन को भी प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रित किया गया है. उनके साथ ही अनुपम खेर, संजय लीला भंसाली, राजकुमार हीरानी, रोहित शेट्टी आदि को भी इस कार्यक्रम में बुलाया गया है.

बॉलीवुड के अन्य एक्टर्स की बात करें तो रणदीप हुडा, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ, अक्षय कुमार, माधुरी दीक्षित को भी इस कार्यक्रम के लिए खास तौर पर आमंत्रित किया गया है.

बॉलीवुड एक्ट्रेसेज में माधुरी के अलावा कंगना रनौत को भी खास तौर पर राम मंदिर उद्घाटन का न्योता मिला है. कंगना बीते कुछ समय से लगातार उत्तर प्रदेश की विजिट कर चुकी हैं. वे सीएम योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात कर चुकी हैं.

बॉलीवुड के साथ ही साउथ के कलाकारों को भी विशेष रूप से इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए बुलाया गया है. इनमें सीनियर कलाकार रजीनकांत, मोहनलाल, चिरंजीवी जैसे कलाकार शामिल हैं.

इसके अलावा साउथ इंडस्ट्री से धनुष, 'केजीएफ' एक्टर यश, 'कांतारा' फेम ऋषभ शेट्टी, 'सलार' एक्टर प्रभास आदि को भी विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है.

टीवी जगत के कलाकारों की बात करें तो मुख्य रूप से अरुण गोविल और दीपिका चिखलिया को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण मिला है. रामानंद सागर की 'रामायण' के जरिए इन दोनों ही कलाकारों ने दर्शकों का दिल जीत लिया था. इनके अलावा सिंगर अनूप जलोटा, कैलाश खेर आदि को भी खास तौर पर बुलाया गया है.

# कलियुग के रामकाल में बजा 'हनुमान' का डंका

## अंजनाद्रि की घाटियों से निकला देसी सुपरमैन



पिछले साल रामकथा के फिल्मी संस्करण 'आदिपुरुष' देखकर मायूस हुए रामभक्तों के लिए इस साल के पहले महीने में ही रिलीज हुई है फिल्म 'हनुमान'। 'आदिपुरुष' के 600 करोड़ रुपये के बजट के मुकाबले इसका पांच फीसदी बजट भी नहीं है 'हनुमान' का। लेकिन, कम्प्यूटर ग्राफिक्स, स्पेशल इफेक्ट्स, कहानी, संवादों और संगीत में ये फिल्म उससे कहीं बेहतर है। ये कहानी है हनुमान की जन्मस्थली अंजनाद्रि की, जहां इंद्र के वज्र के प्रहार से हनुमान की ठुड्डी से गिरी रक्त की एक बूंद नदी की तलहटी में खुली सीप के भीतर जाकर रुद्रमणि बन चुकी है। ये रुद्रमणि जब अंजनाद्रि गांव के एक टप्पेबाज छोकरे को मिलती है तो क्या कुछ गुल खिलते हैं, इसी की कहानी है फिल्म 'हनुमान'। युवा निर्देशक प्रशांत वर्मा ने इस फिल्म में इसकी सीक्वल 'जय हनुमान' की भी एलान किया है, जो अगले साल रिलीज होगी।नायक से पहले खलनायक का किस्सा फिल्म 'हनुमान' के टीजर ने बीते साल इंटरनेट पर खूब सनसनी जगाई थी। फिल्म का ट्रेलर भी उत्सुकता जगाने वाला रहा। लेकिन, बाल कलाकार के रूप में अपनी अभिनय यात्रा शुरू करने वाले तेजा सज्जा को लेकर दर्शकों के मिश्रित भाव ही रहे। अब फिल्म सिनेमाघरों में पहुंच चुकी है और इसकी समीक्षा में आगे बढ़ने से पहले ही ये बता देना जरूरी है कि ये फिल्म एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजन चित्र है।

# नेटफ्लिक्स के मूवी डिलीट करने के बाद भी नहीं थम रहा 'अन्नपूर्णी' पर विवाद

## अब ओशीवारा में दर्ज हुई शिकायत

मुंबई- नयनतारा की फिल्म 'अन्नपूर्णी' उनके लिए मुसीबत बनती जा रही है. मुंबई से जबलपुर आग पहुंची तो नेटफ्लिक्स ने चुपके से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से फिल्म को डिलीट कर दिया. हालांकि अब ये विवाद शांत होता नजर नहीं आ रहा. इस फिल्म के खिलाफ एक और शिकायत मुंबई के ओशीवारा पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है. इसके साथ ही फिल्म में भगवान राम के बारे में आपत्तिजनक शब्दों को लेकर भी नाराजगी जाहिर की गई है.

नेटफ्लिक्स से फिल्म डिलीट होने के बाद ऐसा लगा कि शायद ये विवाद थोड़ा ठंडा हो जाए. लेकिन अब ये मामला एक बार फिर से गर्मा गया है. 'अन्नपूर्णी' फिल्म के खिलाफ मुंबई के ओशिवारा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई है. शिकायत में इस बात पर आपत्ति दर्ज कराई गई है कि फिल्म 'अन्नपूर्णी' में भगवान राम के वनवास के दौरान शिकार करने और खाने के बारे में कई बेतुकी बातें कही गईं. कुछ वक्त पहले इसी तरह का दावा राष्ट्रवादी विधायक जितेंद्र अवाड ने एक भाषण में किया था. जिसके बाद पूरे महाराष्ट्र में विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा जितेंद्र अवाड के खिलाफ कुल 5 एफआईआर दर्ज की गई थीं.

'अन्नपूर्णी' फिल्म से पहले नयनतारा शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में नजर आई थीं. इस फिल्म में नयनतारा की खूब तारीफ हुई थी. साउथ में खुद को साबित करने के बाद लेडी सुपरस्टार ने 'जवान' से हिंदी प्रेमियों को इंप्रेस करने की खूब कोशिश की. काफी हद तक वो सफल भी हुई. लेकिन इस एक फिल्म ने नयनतारा को कई सवालों के घेरे में लाकर खड़ा कर दिया है. यहां तक कि सोशल मीडिया पर भी एक्ट्रेस इस फिल्म को लेकर लोग खूब ट्रोल हो रही हैं.





इस फिल्म में नयनतारा के पिता पुजारी बने हैं जो भगवान विष्णु में आस्था रखते हैं और उनके लिए भोग बनाते हैं. जबकि नयनतारा मांसाहारी दिखाई गई हैं और मुस्लिम से प्यार करती है. फिल्म में भगवान राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने और लव जिहाद को भी दिखाया गया है. जिसकी वजह से इस फिल्म का विरोध हो रहा है.

## सिंगल कॉलम

### 10वीं और 12वीं कक्षा की प्रस्तावित डेटशीट जारी

### 19 जनवरी तक मांगे सुझाव और आपत्तियां




हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं 2 मार्च से शुरू होंगी। बोर्ड परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रस्तावित शेड्यूल जारी कर दिया है। साथ ही बोर्ड ने 19 जनवरी तक छात्र, अभिभावकों, अध्यापकों और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक वर्ग से डेटशीट के संदर्भ में आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं। बोर्ड की ओर से जारी प्रस्तावित डेटशीट के तहत 10वीं और 12वीं कक्षा के नियमित एवं राज्य मुक्त विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं, कंपार्टमेंट, अतिरिक्त विषय और श्रेणी सुधार परीक्षा के लिए प्रस्तावित डेटशीट जारी की है। इसके तहत दसवीं कक्षा की परीक्षाएं सुबह के सत्र, जबकि जमा दो की परीक्षाएं सायंकालीन सत्र में शुरू होंगी। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि बोर्ड की ओर से जारी प्रस्तावित डेटशीट को बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने संबंधित वर्ग से अपने सुझाव बोर्ड कार्यालय में 19 जनवरी तक प्रेषित करने को कहा है, ताकि डेटशीट को अंतिम रूप से जारी किया जा सके। 10वीं की नियमित और एसओएस की प्रस्तावित डेटशीट 10वीं कक्षा की नियमित और एसओएस के परीक्षार्थियों की परीक्षाएं सुबह के सत्र में 2 मार्च से शुरू होंगी। 2 मार्च को गणित, 4 मार्च को साइंस एंड टेक्नोलॉजी, 5 मार्च को उर्दू, तमिल, तेलगू, संस्कृत और पंजाबी की परीक्षा होगी। 6 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 7 को कंप्यूटर साइंस, 9 को अंग्रेजी और 11 मार्च को हिंदी विषय की परीक्षा होगी। इसके अलावा 12 मार्च को आर्ट, अर्थशास्त्र, कॉमर्स (एलिमेंटस ऑफ बिजनेस/एलिमेंटस ऑफ बुक कीपिंग एंड अकाउंटेंसी/टाइपिंग अंग्रेजी और हिंदी), ऑटोमोटिव, प्राइवेट सिक्योरिटी, रिटेल, आईटीईएस, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर, टूरिज्म एंड होस्टिपैलिटी, टेलिकाम, फिजिकल एजुकेशन, ओआईएफएसआई, मीडिया एंड इंटरटेनमेंट, प्लंबर, ब्यूटी एंड वेल्नेस, इलेक्ट्रानिक्स एंड हार्डवेयर और अपीरल्स, मेड अप्स एंड होम फर्निसिंग की परीक्षा होगी। 13 मार्च को होम साइंस, 14 को संगीत (स्वार) , 15 को संगती ( वाद्ययंत्र) और 16 मार्च को फाइनेंसियल लिटरेसी विषय की परीक्षा होगी।

# इंदौर, उज्जैन और रतलाम सराफा बाजार में सोना-चांदी में उछाल, ये हैं आज के दाम

*इंदौर। वैवाहिक सीजन नजदीक होने से सराफा बाजार में उपभोक्ता पूछताछ धीरे-धीरे बढ़ रही है। इसे ध्यान में रखते हुए ज्वेलर्स की बुलियन में खरीदारी जोरों पर बनी हुई है। यही वजह है कि सोने के दाम पिछले तीन-चार दिनों से लगातार बढ़त लिए हुए हैं। गुरुवार को इंदौर में सोना कैडबरी 155 रुपये बढ़कर 63430 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। कॉमेक्स पर सोना आंशिक सुधरकर 2035 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता देखा गया। चांदी वायदा भी छह सेंट सुधरकर 23.09 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई।*

*इधर, नीचे दामों पर सीमित पूछपरख रहने से चांदी की कीमतों में पुन- तेजी देखी गई। चांदी चौरसा 150 रुपये बढ़कर 73000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। ज्वेलर्स का मानना है कि अगले सप्ताह से भारतीय सराफा बाजारों में अच्छी चहल-पहल देखने को मिल सकती है जो अगले एक महीने तक बनी रहने की संभावना है। कॉमेक्स सोना ऊपर में 2035 तथा नीचे में 2023 डॉलर प्रति औंस और चांदी ऊपर में 23.09 व नीचे में 22.86 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई।*



***इंदौर में सोना-चांदी के बंद भाव***

*सोना कैडबरी रवा नकद में 63430 रुपये, सोना (आरटीजीएस) 64880 रुपये तथा सोना (91.60 कैरेट) 58515 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। बुधवार को सोना 63275 रुपये पर बंद हुआ था। वहीं, चांदी चौरसा 73000 रुपये, चांदी टंच 73200 रुपये तथा चांदी चौरसा (आरटीजीएस) 72900 रुपये प्रति किलो बोली गई। बुधवार को चांदी 72850 रुपये पर बंद हुई थी।*

## इस साल 1.98 लाख करोड़ से अधिक की डीजीजीआई चोरी पकड़ी, 140 सरगना गिरफ्तार

***नई दिल्ली ।*** *सरकार की सख्ती से पिछले साल 1.98 लाख करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी पकड़ी गई। टैक्स चोरी में शामिल 140 सरगनाओं को गिरफ्तार किया गया, जो सरकारी खजाने को चपत लगा रहे थे।*

*वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को कहा, जीएसटी सूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने 2023 में ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो, बीमा और कार्यबल से जुड़ी सेवाओं के आयात जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कर चोरी एवं स्वैच्छिक भुगतान के मामलों का पता लगाया। इस अवधि में डीजीजीआई ने 28,362 करोड़ रुपये के स्वैच्छिक भुगतान के साथ 1,98,324 करोड़ रुपये के कर चोरी से जुड़े 6,323 मामलों का पता लगाया।*




*इससे पहले 2022 में 90,499 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी और स्वैच्छिक भुगतान के 22,459 करोड़ रुपये से जुड़े 4,273 मामले सामने आए थे। 97 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मंत्रालय ने कहा, डीजीजीआई की ओर से पकड़ी गई जीएसटी चोरी सालाना आधार पर 119 फीसदी अधिक है। स्वेच्छा से भुगतान मामले भी 26 फीसदी बढ़ गए।*

***21,078 करोड़ की आईटीसी चोरी***-*बयान के अनुसार, फर्जी इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) के मामलों को पकड़ने के लिए डीजीजीआई ने विशेष अभियान चलाया। इस कारण 21,078 करोड़ रुपये की आईटीसी धोखाधड़ी के 2,335 मामले पकड़े गए। इसमें स्वैच्छिक भुगतान 2,642 करोड़ रुपये था। फर्जी बिल को लेकर 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया। 2022 में 14,471 करोड़ रुपये की आईटीसी धोखाधड़ी के 1,646 मामले पकड़े गए थे। स्वैच्छिक भुगतान 1,604 करोड़ रुपये था और 82 सरगनाओं को गिरफ्तार किया था।*

***एलआईसी को 3,529 करोड़ का नोटिस***- *कर विभाग ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को करीब 3,529 करोड़ रुपये की कर मांग को लेकर दो नोटिस जारी किए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को बताया कि आयकर विभाग, मुंबई के सहायक कर आयुक्त की ओर से कंपनी को कर मांग को लेकर नोटिस मिला है। वह निर्धारित समयसीमा के भीतर संबंधित आदेशों के खिलाफ आयुक्त (अपील), मुंबई के समक्ष अपील दायर करेगी।*



## रिदम सांगवान ने भारत के लिए रिकॉर्ड 16वां ओलंपिक कोटा हासिल किया




*रिदम सांगवान ने गुरुवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में कांस्य पदक के साथ शूटिंग में भारत का रिकॉर्ड तोड़ 16वां ओलंपिक कोटा स्थान हासिल किया। यह भारत के लिए कोटा स्थानों की अब तक की सबसे अधिक संख्या है। टोक्यो में पिछले ओलंपिक में भारत ने 15 जीते थे और रियो में 2016 ओलंपिक के दौरान 12 कोटा हासिल किए थे। 20 वर्षीय रिदम ने 28 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि चीन के यांग जिन ने 41 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया के किम येजी 32 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इनमें से प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष दो निशानेबाज, बशर्ते वे पात्र हों और उनके संबंधित देशों ने आयोजन के लिए अपना पूरा आवंटन सुरक्षित नहीं किया हो, वे अपने संबंधित देश के लिए कोटा सुरक्षित करेंगे। चूंकि दक्षिण कोरिया ने पिछले क्वालीफाइंग मुकाबलों में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में पहले ही दो कोटा हासिल कर लिए थे, इसलिए कोटा स्थान भारत और चीनी ताइपे (चिया यिंग वू) के पास चला गया। भारत ने जकार्ता इवेंट में वरुण तोमर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान के माध्यम से तीन पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है।*

## इन लोगों के लिए हल्दी का ज्यादा सेवन हो सकता है हानिकारक

### शरीर में बढ़ सकती हैं ये परेशानियां

**डेस्क-** हल्दी के बिना दाल या सब्जी कुछ भी नहीं बना सकते हैं। सब्जी या दाल में जब इसका पीला रंग चढ़ता है तो देखने में बेहद आकर्षक लगता है। आयुर्वेद में भी हल्दी को एक सेहतमंद मसाला कहा गया है यह सेहत के साथ साथ खूबसूरती में भी चार चाँद लगाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं फायदे के साथ साथ हल्दी का सेवन कुछ लोगों के लिए बेहद नुकसानदायक है। इसके ज्यादा सेवन से कई परेशानियां पैदा हो सकती हैं। चलिए जानते हैं कि किन हालात में हल्दी का ज्यादा सेवन नहीं करना चाहिए।

डायबिटीज के मरीज- यूं तो डायबिटीज और हल्दी का आपस में कोई संबंध नहीं दिखता लेकिन ऐसे मरीजों को ज्यादा हल्दी का सेवन करने की सलाह आयुर्वेद नहीं देता, जो खून पतला करने की दवाएं ले रहे हैं। दरअसल हल्दी का सेवन करने से शरीर में खून के थक्के नहीं जमते और अगर मरीज इसी बात के लिए किसी दवा का सेवन कर रहा है तो सीमा से ज्यादा हल्दी का सेवन इसके लिए नुकसानदेह हो सकता है। पीलिया के मरीज- पीलिया के मरीज हैं तो हल्दी का सेवन सोच समझ कर ही करें। आमतौर पर ज्वाइंडिस यानी पीलिया की बीमारी के वक्त डॉक्टर भी हल्दी से परहेज रखने को कहते हैं, इसलिए अगर पीलिया के मरीज हैं तो इसके सेवन से पहले अपने डॉक्टर से जरूर बात कर लें। पथरी के मरीज- जिन लोगों को बार बार पथरी की समस्या होती है, उन्हें हल्दी के संयमित सेवन की सलाह दी जाती है। दरअसल हल्दी में घुलनशील ऑक्सालेट के उच्च स्तर होते हैं जो आसानी से कैल्शियम से जुड़ सकते हैं और अघुलनशील कैल्शियम ऑक्सलेट बना सकते हैं। अघुलनशील कैल्शियम ऑक्सालेट किडनी की 75त्न परेशानियों की वजह निकलता है।



एनीमिया के मरीज- जिन लोगों के भीतर खून की कमी है उन्हें भी हल्दी की कम ही सेवन करना चाहिए। दरअसल ज्यादा हल्दी के सेवन से शरीर में आयरन का अब्जार्शन बढ़ जाता है और इससे एनीमिया के बढने् की समस्या पैदा हो जाती है।

जो खून पतला करने की दवा ले रहे हों- जो खून पतला करने की दवा ले रहे हों, उन्हें भी हल्दी का कम ही सेवन करना चाहिए। क्योंकि हल्दी भी यही काम करती है और अगर दवा के साथ इसका सेवन जारी किया गया तो परेशानी बढ़ सकती है।

## सर्दियों में रोजाना सुबह तुलसी का पानी पीने से मिलते हैं पांच फायदे

***नई दिल्ली । सर्दियों के मौसम में अपनी सेहत का खास ध्यान रखना बेहद ही जरूरी होता है. कई लोगों को बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम जैसी परेशानी हो जाती है. अगर आप रोजाना सुबह के समय तुलसी का पानी पीते हैं, तो आपका शरीर बीमारियों को कोसों दूर रखेगा और आपको एकदम फिट रखेगा.***

***ब्लड शुगर लेवल***

*ठंड के मौसम में लोगों को कई परेशनियों का सामना करना पड़ता है. शरीर को फिट और स्वस्थ रखना बेहद ही जरूरी है. अगर आप रोजाना तुलसी का पानी पीते हैं तो आपका ब्लड शुगर लेवल ठीक रहता है.*



***सर्दी-जुकाम***

*सर्दियों के मौसम में सर्दी-जुकाम जैसी परेशानी से निजात पाने के लिए भी आप इसका उपयोग कर सकते हैं. ये बदलते मौसम की बीमारियों को दूर रखती है.*

***एसिडिटी***

*अगर आपको एसिडिटी की परेशानी है या आपा हमेशा पेट खराब ही रहता है, भी आपको रोजाना सुबह इसका पानी पीना चाहिए.*

***स्किन से जुड़ी परेशानी***

*स्किन से जुड़ी परेशानी को भी दूर रखने के लिए फायदेमंद है. चेहरे पर कील-मुहांसों को काफी हद तक दूर करने में मदद करता है.*

# एक ही व्यक्ति के अनेकों अवतार, सचिव ने कर डाले 19 लाख से अधिक का भुगतान




मैहर, मैहर में लगातार पंचायत में भुगतान को लेकर फर्जीवाड़ा सामने आ रहा है जिसको लेकर ताजा मामला मैहर जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जरियारी का है जहां पर एक ही व्यक्ति के द्वारा अनेकों अवतार लिए गए हैं और इस पर पंचायत सचिव के द्वारा धड़ल्ले से 19 लाख से अधिक का भुगतान एक ही व्यक्ति को किया जा चुका है लगातार जरियारी में अनियमिताओं का दौर देखने को मिल रहा था जिसके बाद अब एक बार फिर मामला सुर्खियों पर है जहां पर पंचायत सचिव की मिली भगत से एक ही व्यक्ति को कभी मजदूरी भुगतान तो कभी अन्य सामग्रियों के भुगतान करने का काम किया जा रहा है जिसे कहीं ना कहीं भुगतान संदेह के घेरे पर आ रहा है यह पूरा भुगतान अनिल कुमार के नाम से किया गया है जहां पर अनिल कुमार को ही मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है तो वहीं अन्य सामग्रियों के लिए भी उसी के खाते पर भुगतान करने का काम किया जा रहा है जबकि संबंधित व्यक्ति के पास ना तो कोई ट्रेडर्स और सामग्री की दुकान है और ना ही मजदूरी करने का कोई वैद्य प्रमाण पत्र है अनिल कुमार के द्वारा मजदूर बनकर भी जरियारी पंचायत से भुगतान करवाया गया है, लगातार पंचायत स्तर पर सरकार के द्वारा तेजी के साथ काम किया जा रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भी सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने का काम जरियारी पंचायत में किया जा रहा है एक ही व्यक्ति के द्वारा अनेक को भुगतान अपने खाते में करवाए जा रहे हैं और पंचायत सचिव के मिली भगत से इस तरह के भुगतान किया जा रहे हैं

**पकड़े जाने की डर से बना ली दूसरी फॉर्म** वही अनिल कुमार के द्वारा ही लगातार पंचायत से भुगतान करवाए जा रहे थे और जब मामला बढ़ता गया तो उनके द्वारा एक अलग फॉर्म बना ली गई जिसका नाम निशा ट्रेडर्स के नाम से बनवाया गया लेकिन इन दोनों व्यक्तियों के खाते सामान्य है जिनका भुगतान भी एक ही खाता क्रमांक में किया गया है आखिर जनपद पंचायत में बैठे जिम्मेदारों के द्वारा इस तरह के बढ़ते हुए भ्रष्टाचार को कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है यह एक बड़ा सवाल है

**अन्य पंचायत पर भी लगाये जा रहे हैं इसी तरह के बिल** जरियारी के साथ-साथ अन्य पंचायत में भी संबंधित व्यक्ति के बिल धारा लिस्ट लगाए जाते हैं और कमीशन खोरी के चक्कर पर लंबा भुगतान किया जाता है जिसकी संपूर्ण जानकारी जनपद पर बैठे संबंधित अधिकारियों को होती है लेकिन इसके बावजूद भी वह अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर धड़ल्ले से भुगतान कर रहे हैं अब देखना होगा आखिर जिम्मेदारों के द्वारा किस तरह की कार्रवाई की जाएगी.

# नियमित सफाई न होने के चलते रैंकिंग में नहीं हुआ सुधार यथावत रहा 98वां स्थान





साल 2022 में दमोह नगर पालिका ने 98वीं रैंक प्राप्त की थी। इस तरह इस बार न कोई नंबर कटे हैं न ही बढ़े हैं। हालांकि, राज्य स्तरीय रैंकिंग में सुधार करते हुए दमोह नगर पालिका 33 में से 27वें पायदान पर पहुंच गई है। कुल 9500 अंकों में से दमोह नगर पालिका को इस बार 6031 अंक प्राप्त हुए हैं, जिसमें से सेवा स्तर की प्रगति में 4830 में से 3711.40 अंक, प्रमाणीकरण में 2500 में से 725 अंक एवं नागरिक आवाज में 2170 में से कुल 1594.60 अंक प्राप्त हुए हैं। इस तरह सबसे ज्यादा निराशा प्रमाणीकरण में मिली है। वहीं, पिछले दिनों जारी हुई स्टार रेटिंग में भी दमोह नगर पालिका को एक भी स्टार नहीं मिला था और वह सूची से बाहर हो गई थी। इसके पीछे मुख्य वजह यह रही कि शहर में सफाई व्यवस्था में काफी लापरवाही बरती जा रही है। शहर के मुख्य बाजारों में दोपहर तक कचरे के ढेर लगे रहते हैं। यही वजह है कि इस बार कचरा निष्पादन में जीरो अंक मिले हैं। इधर, जिले के अन्य नगरीय निकायों की बात करें तो हटा नगर पालिका को नेशनल रैंकिंग में 266, स्टेट रैंकिंग में 128, एवं जोनल रैंकिंग में 54 नंबर प्राप्त किए हैं। नगर परिषद पथरिया ने नेशनल रैंकिंग में 325, स्टेट रैंकिंग में 161 एवं जोनल में 53 नंबर प्राप्त किए। नगर परिषद हिंडोरिया को नेशनल रैंकिंग में 464 नंबर, स्टेट रैंकिंग में 225 एवं जोनल में 79 नंबर प्राप्त किए हैं। नगर परिषद पटेरा ने नेशनल रैंकिंग में 591, स्टेट में 281 एवं जोनल में 156 नंबर प्राप्त किए। इसी तरह नगर परिषद तेंदूखेड़ा ने नेशनल रैंकिंग में 576, स्टेट रैंकिंग में 271 एवं जोनल में 151 नंबर प्राप्त किए।

**इन कमियों से नहीं हुआ प्रमोशन** दमोह नगर पालिका में पिछले चार वर्षों से नियमित स्वास्थ्य अधिकारी का पद खाली पड़ा है। यह पद प्रभारियों के भरोसे चल रहा है। बीते साल से सफाई का ठेका समाप्त होने के बाद शहर में केवल 181 सफाई कर्मचारी हैं। कई वार्डों में दो तो किसी में तीन सफाई कर्मचारी हैं, जिससे वाडों में नियमित रूप से सफाई नहीं हो पाती है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में भी लापरवाही बरती जा रही है। 10 से अधिक सफाई वाहन खराब पड़े हैं। धूल साफ करने वाली मशीन भी एक साल से बंद पड़ी है। बीते सितंबर महीने में जब शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए दिल्ली की टीम दमोह आई, उस समय दमोह नगर पालिका सीएमओ के पद पर भी प्रभारी के रूप में एसडीएम पदस्थ थे। इन सब कमियां होने के बावजूद भी नगर पालिका बीते अपनी रैंकिंग में ज्यादा सुधार नहीं कर पाई।दमोह नगर पालिका के प्रभारी सीएमओ मेघ तिवारी ने कहा कि कम संसाधनों के बावजूद भी नगर पालिका द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था पर अच्छा प्रयास किया है। वार्डों की संख्या के अनुसार सफाई कर्मचारियों की काफी कमी है। इसके बावजूद हमारे कर्मचारियों की मेहनत से अपनी रैंकिंग को यथावत रख पाए हैं। आगे जो भी कमियां हैं, उन्हें दूर करने का प्रयास करेंगे और भविष्य में इससे अच्छी रैंकिंग लगाएंगे।

### कलेक्टर ने आज जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया

# मरीजों के प्रति संवेदनशीलता रखें और प्रतिदिन बिस्तर की चादरें बदलें- कलेक्टर बाफना





शाजापुर, चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के प्रति स्टॉफ संवेदनशीलता रखें। भर्ती मरीजों के बिस्तर के चादर प्रतिदिन बदलें। बिस्तर साफ-सुथरा रखें, मरीजों के लिए आरामदायक गद्दे उपलब्ध कराएं। उक्त निर्देश कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने आज जिला चिकित्सालय के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान दिये। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. आर. निदारिया एवं सिविल सर्जन डॉ. बीएस मैना सहित अन्य चिकित्सकगण एवं पैरामेडिकल स्टॉफ उपस्थित था। कलेक्टर सुश्री बाफना ने आज जिला चिकित्सालय के आपातकालीन कक्ष में मरीजों को बैठाकर परीक्षण करने के लिए कहा। इसके बाद कलेक्टर ने दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान दवा पर्ची पर ओपीडी नंबर नहीं होने पर कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक पर्ची पर ओपीडी नंबर दर्ज कराएं और दवा वितरण का रिकार्ड मेंटेन रखें। इसके उपरांत कलेक्टर ने सिटी स्कैन एवं अन्य जाँचों के लिए अनुबंधित की गई थेटा डायग्नोस्टिक के कक्ष का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं अस्पताल से आने वाले मरीजों के लिए निर्धारित जाँच दरों को बड़े अक्षरों में प्रदर्शित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने रोशनी क्लिनिक के निरीक्षण में हाई रिस्क गर्भवती माताओं के लिए कन्ट्रोल रूम बनाने तथा समय पर सूचना देने के लिए सिस्टम तैयार करने के निर्देश दिये। मरीजों को भोजन थाली में बैड पर ही उपलब्ध कराएं। किसी भी स्थिति में मरीजों को भोजन के लिए लाईन नहीं लगाना पड़े, इसका ध्यान रखें। प्रसुति कक्ष के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बेडशीट गंदी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मरीजों के बिस्तर के चादर प्रतिदिन बदलें, खराब गद्दों को बदलें। खिड़की एवं दरवाजों पर पर्दे लगवाएं। हाईरिस्क गर्भवती माताओं को सूचना देने के लिए 181- हेल्पलाइन डेस्क का भी इस्तेमाल करें। प्रसुति कक्ष के टायलेट की सफाई नहीं होने एवं नियमित निरीक्षण नहीं करने के लिए कलेक्टर ने प्रभारियों को कारण बताओ सूचना पत्र देने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने मॉडर्न मेटरनिटी विंग के निरीक्षण के दौरान मरीजों से दुर्व्यवहार करने वाले यहां तैनात गार्ड को तत्काल हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ मधुर व्यवहार होना चाहिये। कलेक्टर ने स्पेशल केयर न्यू बोर्न यूनिट, पीआईसीयू यूनिट, एनआरसी का भी निरीक्षण किया। पीआईसीयू के निरीक्षण में कलेक्टर ने कहा कि किसी भी स्थिति में प्रायवेट लेब की जाँच मंजूर नहीं करें। मरीजों की जाँच जिला चिकित्सालय में ही हो। इस दौरान आरएमओ डॉ. सचिन नायक, हास्पिटल सहायक प्रबंधक सुश्री नेहा सांवले भी उपस्थित थी।

**निर्माणाधीन एमसीएच भवन का निरीक्षण**

कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य चिकित्सालय (एमसीएच) भवन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी कक्ष में पर्याप्त मात्रा में वाशरूम बनाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन भवन का लोक निर्माण विभाग से गुणवत्ता के संबंध में परीक्षण कराते रहें, ताकि निर्माण के बाद हेण्डओवर के समय कमियां नहीं रहे। कलेक्टर ने निर्माणाधीन भवन गुणवत्तायुक्त हो। प्रत्येक कक्ष के सामने सूचना पटल लगवाएं। ओपीडी के सामने खाली स्थान पर आने वाले मरीजों के वेटिंग स्थल बनाएं और यहां पर्याप्त मात्रा में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्माणाधीन भवन के प्रत्येक कक्ष में जाकर निर्माण की गुणवत्ता एवं कक्ष के उपयोग की जानकारी ली।

## 22 जनवरी को वन गमन पथ का निशुल्क दर्शन कर सकेंगे भक्त

# उज्जैन में मनाया जा रहा श्रीराम मंदिर प्रतिष्ठा का महोत्सव



*उज्जैन। जिला वन मंडल अधिकारी डा. किरण बिसेन की परिकल्पना ने उज्जैन में नगर वन के रूप में एक ऐसे एतिहासिक स्थल का निर्माण किया है, जहां भक्त प्रभु श्रीराम के वन गमन को अनुभूत कर रहे हैं। मक्सी रोड स्थित नवलखी बीड़ में विकसित इस वन के करीब डेढ़ किलो मीटर क्षेत्र में उन स्थानों का निर्माण कराया गया है, जहां वनवास के दौरान प्रभु श्री राम गए थे। वन में मौजूद वनस्पतियां भी यहां आने वाले श्रद्धालुओं को त्रेता युग में होने का अहसास कराती हैं। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव के दिन श्रीराम वन गमन पथ दर्शन हेतु सैलानियों को निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। बता दें आमदिनों में नगर वन देखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को 12 रुपये का टिकट खरीदना होता है।*

***दो सौ से अधिक स्थानों की पहचान*** *जिला वन मंडल अधिकारी डा.किरण बिसेन के अनुसार रामायण में उल्लेखित और अनेक अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार जब भगवान श्रीराम को वनवास हुआ तब उन्होंने अपनी यात्रा अयोध्या से प्रारंभ करते हुए रामेश्वरम और उसके बाद श्रीलंका में समाप्त की थी। इस दौरान उनके साथ जहां, जो भी घटा उनमें से दो सौ से अधिक स्थानों की पहचान की गई है। इतिहासकार और पुरातत्वशास्त्री डा.राम अवतार ने श्रीराम और सीता के जीवन की घटनाओं से जुड़े ऐसे ही दो सौ से अधिक स्थानों का पता लगाया है, जहां आज भी तत्व संबंधी स्मारक स्थल विद्यमान हैं, जहां श्रीराम और सीता रुके थे। नगर वन में इन्हीं प्रमुख स्थानों का निर्माण कराया गया है। स्थान विशेष पर उस क्षेत्र से संबंधित वृक्षों के पौधे भी लगाए गए हैं, जो उस कालखंड में मौजूद थे। यहां आने के बाद भक्तों के मानस पटल पर श्रीराम वन गमन का दृश्य सजीव हो जाता है और वें स्वयं भी उस समय वहां मौजूद होने की अनुभूति करने लगते हैं। प्रभु श्रीराम ने अयोध्या से 20 किलो मीटर दूर तमसा नदी से वन गमन की शुरुआत की थी। भगवान ने नाव से तमसा नदी को पार किया और फिर आगे की ओर प्रस्थान किया। अब तक चिह्नित स्थानों में श्रृंगवेरपुर तीर्थ, कुरई गांव, प्रयाग, चित्रकूट, सतना, दंडकारण्य, पंचवटी नासिक, सर्वतीर्थ, पर्णशाला, तुंगभद्रा, शबरी आश्रम, ऋष्यमुक पर्वत, कोडीकरई, रामेश्वरम, धनुषकोडी, नुवारा एलिया प्रमुख स्थान है, जिन्हें नगर वन में भक्त देख सकते हैं। वाल्मीकि रामायण सहित अन्य ग्रंथों में इनका उल्लेख मिलता है। वन मंडल द्वारा श्रीराम वन गमन पथ पर विभिन्न प्रजाति के 1200 से अधिक पौधे रौपे जा रहे हैं, जो उस कालखंड में उन स्थानों पर मौजूद थे। इसमें वर्षा वृक्ष, मरखामिया लुटिया, मिशेलिया चंपाक, सुरु, पेंडानस, छातावृक्ष, महघानी, विधारा, कुचला, अनंतमूल, वैरिंगटनिया, लाल चंदन, पेंसिलपाइन, शरपुंखा, नारियल पूर्वी तट लंबा आदि शामिल है।*

# लॉरेल्स स्कूल की बस की तकनीकी जांच करवाएगी पुलिस, प्रबंधन से मांगे फुटेज



*इंदौर। लॉरेल्स स्कूल की जिस बस से रेस्त्रां संचालक दीपक की मौत हुई उसकी तकनीकी जांच भी होगी। बस में गड़बड़ी मिली तो मैंटेनेंसकर्मी और स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस ने जांच के लिए एमटीओ को पत्र लिखा है।एएसआइ अमर सिंह भिड़े के मुताबिक अभी तक तो बस चालक रामेश्वर कटारिया को ही आरोपित बनाया है। पुलिस ने बस की जांच करवाने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। बस के ब्रेक काम कर रहे थे या नहीं इसका परीक्षण करवाया जाएगा। पुलिस लाइन के विशेषज्ञों को पत्र लिखा गया है। बस में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए है। पुलिस ने फुटेज देखे तो कैमरे बंद मिले। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के लिए स्कूल प्रबंधन को तलब कर रही है। ये है मामला दीपक की मंगलवार दोपहर माणिकबाग ब्रिज के नीचे बस की टक्कर से मौत हुई थी। चालक रामेश्वर शराब के नशे में बस चला रहा था। उसने जय जगत कालोनी निवासी देवा को भी चपेट में ले लिया था। देवा को भी गंभीर चोट आई है। समाजजन और क्षेत्रीय पार्षद कंचन गीदवानी द्वारा पुलिस-प्रशासन से चर्चा करने पर प्रबंधन दस लाख रुपये की आर्थिक सहायता,दीपक की बच्चियों की स्कूली शिक्षा के लिए तैयार हुआ है।*

# बोइंग विमानों की जांच शुरू; ताइवान में कल राष्ट्रपति-संसदीय चुनाव

**वाशिंगटन**--क्या बोइंग द्वारा बनाए गए विमान संचालन के लिए सुरक्षित हैं, इसकी जांच शुरू हो गई है। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने औपचारिक जांच शुरू करने की घोषणा की। सिएटल स्थित कंपनी को एफएए द्वारा जारी पत्र का हवाला देते हुए मीडिया रिपोर्ट में गुरुवार को कहा गया कि बोइंग यह सुनिश्चित करने में विफल रही कि उसके उत्पाद अनुमोदित डिजाइन के अनुरूप हैं। गुणवत्ता प्रणाली निरीक्षण के अनुसार, विमान सुरक्षित संचालन की स्थिति में हैं। ताइवान ॔ कल होने वाले चुनाव पर पूरी दुनिया की टिकी निगाह ताइवान में शनिवार को होने वाले राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव को लेकर पूरी दुनिया में चर्चा है। इस पर पड़ोसी चीन की सबसे पैनी नजर है, क्योंकि वह ताइवान को अपने देश का हिस्सा बताता है। जबकि ताइवान ने बीजिंग के संप्रभुता दावों को खारिज किया है। अमेरिका ने ताइवान को साथ देकर चीन-अमेरिकी प्रतिद्वंद्विता बढ़ा दी है। यहां राष्ट्रपति पद के लिए डीपीपी पार्टी से मौजूदा उपराष्ट्रपति लाई चिंग-ते, केएमटी से न्यू ताइपे के मेयर होउ यू-इह व टीपीपी से पूर्व मेयर को वेन-जे मैदान में हैं।




समुद्री हमलों को रोकने की आवश्यकता अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने गुरुवार कहा कि हूती विद्रोहियों द्वारा व्यापारिक जहाजों पर किए जा रहे हमलों को रोकने की सख्त आवश्यकता है। किर्बी ने ऐसे हमलों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की कसम खाई। किर्बी ने कहा कि शिपिंग संपत्तियों को ऐसे हमलों से बचने के लिए अमेरिका प्रयास कर रहा है। किर्बी ने कहा कि हम जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के साथ-साथ सामान की भी फिक्र करते हैं। हम अपनी जिम्मेदारियों को समझते हैं। भारत, चीन, फिलीपीन, म्यांमार से पुलिस अफसर भर्ती करेगा सिंगापुर भारत, चीन, फिलीपीन और म्यांमार से सहायक पुलिस अधिकारियों (एपीओ) को सिंगापुर में नियुक्त करने पर विचार चल रहा है। कानून और गृह मामलों के मंत्री के. षणमुगम ने संसद में यह जानकारी दी। सिंगापुर उन अधिकार क्षेत्रों का विस्तार करने पर विचार कर रहा है जहां से वह एपीओ की भर्ती करता है क्योंकि हाल के कुछ वर्षों में ताइवान से इस संख्या में गिरावट आई है। षणमुगम ने कहा, ताइवान से संख्या में गिरावट के चलते गृह मंत्रालय उन अधिकार क्षेत्रों का विस्तार करने पर विचार कर रहा है जहां से एपीओ भर्ती किए जा सकते हैं। 'चैनल न्यूज एशिया' की रिपोर्ट के अनुसार, इनमें संभवत॔ चीन, भारत, फिलीपीन और म्यांमार जैसे एशियाई देशों को शामिल किया गया है। 'टुडे' अखबार ने मंत्री के हवाले से कहा, सुरक्षा सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए यह जरूरी है। पाक॔ कफ सिरप में इस्तेमाल होने वाला जहरीला तत्व जब्त देश के दवा नियामक प्राधिकरण ने कहा कि पाकिस्तान ने दूषित प्रोपलीन ग्लाइकोल तत्व के एक बैच को जब्त कर लिया है। इस पर डॉव केमिकल, थाईलैंड का लेबल लगा था। अधिकारियों ने 300 से अधिक बच्चों की मौत के कारण के रूप में कफ सिरप में इस्तेमाल होने वाले जहरीले तत्व की पहचान की है।

### साल भर बाद गूगल ने सैकड़ों कर्मियों को निकाला

# पहले भी 12,000 कर्मचारियों को नौकरी से कर चुका है बाहर

**वाशिंगटन**- गूगल ने साल की शुरुआत में ही सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि कंपनी अब इन कर्मचारियों की जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करेगी। पिछले साल जनवरी में भी गूगल ने 12,000 कर्मचारियों को नौकरी से बाहर किया था। हालांकि, गूगल का कहना है कि यह फैसला नियमित कटौती का हिस्सा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक छंटनी से खासतौर वे कर्मचारियों प्रभावित हुए हैं, जो गूगल के वॉइस बेस्ड गूगल असिस्टेंट और ऑगमेंटेड रियलिटी हार्डवेयर टीम से जुड़े हैं। गूगल ने सेंट्रल इंजीनियरिंग ऑर्गेनाइजेशन से भी कुछ कर्मचारियों की छंटनी की है। गूगल ने इस संबंध में कहा है कि 2023 की दूसरी छमाही के दौरान कई टीमों के अधिक कुशल बनने में हुए बदलावों के चलते कुछ पदों को समाप्त किया जा सकता है। जता दी थी कार्यबल में छह फीसदी कटौती की आशंका गूगल की इस ताजा छंटनी को लेकर




सबसे पहली रिपोर्ट सीमफॉर ने दी है, जिसके मुताबिक गूगल असिस्टेंट टीम में छंटनी के दायरे में आए कर्मचारियों को सूचना मिलनी शुरू हो गई है। इस कदम की अल्फाबेट वर्कर्स यूनियन ने आलोचना की है। यूनियन के मुताबिक गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के दुनियाभर में सितंबर 2023 तक 1,82,381 कर्मचारी थे। इसी दौरान अल्फाबेट ने एलान किया था कि कंपनी अपने कार्यबल में 6 फीसदी की कटौती करेगी, जिससे करीब 12 हजार लोगों की नौकरी जाएगी। 260 करोड़ डॉलर का लग सकता है जुर्माना प्रतिस्पर्धा कानून उल्लंघन के मामले में यूरोपीय संघ ने शीर्ष कोर्ट को गूगल से 260 करोड़ डॉलर का जुर्माना वसूलने की सलाह दी है। नियामकों ने पाया कि गूगल ने खरीदारी की सिफारिशों को खोज नतीजों में प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपनी प्रभावी स्थिति का अवैध लाभ लिया है। महाधिवक्ता जूलियन कोकोट ने जुर्माने के विरुद्ध दायर गूगल की याचिका खारिज करने की सलाह दी।

# संयुक्त राष्ट्र ने कहा- इस साल दुनियाभर में बढ़ेगी बेरोजगारी, महंगाई के चलते बदतर होंगे हालात

**वाशिंगटन** --इस साल दुनियाभर में बेरोजगारी बढ़ेगी। 20 लाख से अधिक लोगों के पास काम नहीं होगा। संयुक्त राष्ट्र की श्रम एजेंसी अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के मुताबिक, बेरोजगारी और रोजगार परक कामकाज में मौजूदा खाई की दर वैश्विक महामारी से पूर्व के स्तर से कुछ कम हुई है, लेकिन इसके बावजूद वैश्विक बेरोजगारी दर के बढ़ने की आशंका है। आईएलओ ने कहा, 2023 में अधिकांश जी-20 देशों में वास्तविक मजदूरी में गिरावट आई है, क्योंकि वेतन वृद्धि महंगाई के साथ तालमेल नहीं बिठा पाई। ऐसे में वैश्विक बेरोजगारी दर 5.1त्न से बढ़कर इस साल 5.2 प्रतिशत पर पहुंचने का अनुमान है। साल 2022 में वैश्विक बेरोजगारी दर 5.3 प्रतिशत थी जो कि पिछले साल थोड़ी बेहतर होकर 5.1 प्रतिशत हो गई। इसके अलावा 2023 में वैश्विक स्तर पर रोजगार परक कामकाज में खाई और श्रमिक बाजार में भागीदारी



की दर भी कुछ बेहतर हुई है। श्रम बाजार में बढ़ा असंतुलन आईएलओ ने कहा कि बढ़ती असमानताएं और सुस्त उत्पादकता चिंता के कारण हैं। अध्ययन में ताजा श्रम बाजार रुझानों का आकलन किया गया है। इसमें बेरोजगारी, रोजगार सृजन, श्रम बल की भागीदारी और काम के घंटे शामिल हैं, फिर उन्हें उनके सामाजिक नतीजों से जोड़ा जाता है। चीन, रूस और मेक्सिको में गत वर्ष दिखी सकारात्मक वेतन वृद्धि रिपोर्ट के अनुसार चीन, रूस व मेक्सिको ने 2023 में सकारात्मक वास्तविक वेतन वृद्धि दिखी। जी-20 के अन्य देशों में वास्तविक मजदूरी में गिरावट आई। ब्राजील (6.9 प्रतिशत), इटली (5 प्रतिशत) व इंडोनेशिया (3.5 प्रतिशत) में सबसे तेज गिरावट देखी गई।

# पहली बार अंटार्कटिक के पास मिला बर्ड फ्लू, ब्रिटिश वैज्ञानिकों ने स्तनधारियों में वायरस को पहचाना

**लंदन** -ब्रिटेन की पशु-पादप स्वास्थ्य एजेंसी (एपीएचए) ने कहा है कि उप-अंटार्कटिक में स्तनधारियों के भीतर पहली बार बर्ड फ्लू मिला है। इससे वायरस फैलने की चिंता बढ़ गई है। क्षेत्र में अन्य वन्यजीवों की बड़ी आबादी भी खतरे में है। उसने कहा, रोगजनक एवियन इन्फ्लूएंजा दक्षिणी अटलांटिक क्षेत्र के दक्षिण जॉर्जिया द्वीप पर हाथी व फर सील में पाया गया है। 'एपीएचए' गत वर्ष पहली बार शक होने के बाद से क्षेत्र में स्तनधारियों में बर्ड फ्लू का परीक्षण कर रही थी। वैज्ञानिक इयान ब्राउन ने कहा, अंटार्कटिक एक अनोखा और विशेष जैव विविधता वाला हॉटस्पॉट है,



इसलिए इस क्षेत्र में स्तनधारियों में बीमारी फैलती देखना दुखद है। कई पक्षी, स्तनधारी मारे गए गत वर्ष यूरोप, अमेरिका, जापान और दक्षिण अमेरिकी देशों में एवियन फ्लू का प्रकोप हुआ, जिसमें हजारों पक्षी व स्तनधारी मारे गए। इसके प्रसार को रोकने के लिए पिछले वर्षों में लाखों जानवरों को भी मार दिया गया। इन्हें लेकर अब भी शक है। अमेरिका के प्रवासी पक्षी एक कारण एच5एन1 का संदेह पहली बार अक्तूबर में दक्षिण जॉर्जिया के उत्तर-पश्चिमी तट के एक द्वीप पर तब हुआ था जब कई भूरे स्कुआ पक्षियों की मौत हो गई थी। इसके बाद हाथी और सीलें भी मरने लगे। वैज्ञानिकों ने कहा, हाथी फर सील, भूरे स्कुआ, केल्प गल्स का टेस्ट भी सकारात्मक निकला है। ऑक्सफोर्ड में निपाह वायरस टीके का मानव परीक्षण शुरू ऑक्सफोर्ड विवि ने कहा, उसने मस्तिष्क में सूजन लाने वाले निपाह वायरस के खिलाफ एक प्रायोगिक टीके का मानव परीक्षण शुरू कर दिया है।

# पुणे में 1 लाख लोग करेंगे रामरक्षा का पाठ

पुणे: महाराष्ट्र के पुणे में रविवार को एक लाख लोग अयोध्या में श्री राम की मूर्ति की स्थापना के अवसर पर प्रसिद्ध एस.पी. कॉलेज मैदान में राम रक्षा पाठ करेंगे। कार्यक्रमों के संयोजक हेमंत रासने ने बताया कि स्वामी गोविंददेव गिरि महाराज के आश्रम के शिष्य रामरक्षा पाठ का नेतृत्व करेंगे। राम के लिए नमन के तीन संकल्पों के लिए इसे तीन बार पढ़ा जाना चाहिए। देश के लिए समृद्धि और सैनिकों के लिए शक्ति। कार्यक्रम का आयोजन भक्तिसुधा फाउंडेशन और समर्थ व्यासपीठ द्वारा किया गया है। रसाने ने कहा कि लक्ष्मणाचार्य की रघुपति राघव राजाराम द्वारा रचित मूल कविता का प्रदर्शन पहली बार पुणे में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आशीष केसकर ने संगीत दिया है और चारुदत्त अफले इस अवसर पर गायन करेंगे। श्री रासने ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अभिनेता राहुल सोलापुरकर राम जन्मभूमि का इतिहास बताएंगे।



## मैक्सिकन महिला का आगरा में तांडव...होटल और थाने में किया हंगामा, जानिए क्या है पूरा मामला?

**नेशनल डेस्क:** आगरा में मैक्सिको की महिला पर्यटक ने पहले होटल में और फिर थाने में कथित तौर पर जमकर हंगामा किया तथा वह थाने की छत पर चढ़ गई और उसे बचाने के चक्कर में दो कर्मी जख्मी हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आगरा में मैक्सिको की महिला घूमने के लिए आई थी जिसने मंगलवार देर रात ताजमहल के दक्षिणी गेट के पास एक होटल में जमकर हंगामा किया और सूचना मिलने पर पर्यटन थाना प्रभारी नीलम राणा मौके पर पहुंची और उससे बात की, लेकिन वह सही से बात करने की स्थिति में नहीं थी। सहायक पुलिस आयुक्त (ताज सुरक्षा) अरीब अहमद ने बताया कि उसे ताजनगरी थाने लाया गया जहां वह छत पर चढ़ गई और उसे बचाने के चक्कर में दो पुलिस कर्मी भी जख्मी हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। उन्होंने बताया कि मैक्सिको की पर्यटक मेलिसा ऑर्टज को मुख्य न्यायिक मस्जिट्रेट के आदेश पर मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय में भर्ती कराया है। अहमद ने बताया कि इस बाबत मैक्सिको के दूतावास को सूचित कर दिया गया है। मानसिक चिकित्सालय के निदेशक दिनेश राठौर ने बताया कि पर्यटक पर दवाइयों का असर हो रहा है और उसकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

## यूपी, छत्तीसगढ़ के बाद अब इस राज्य को घोषित किया गया ड्राई स्टेट, 22 जनवरी को नहीं बिकेगी शराब



**नेशनल डेस्क:** राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। देश में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ ने 22 जनवरी को स्कूलों में छुट्टियों और शराबबंदी का फैसला किया है। वहीं अब असम में भी 22 जनवरी को ड्राई स्टेट घोषित किया है। यानी 22 जनवरी को असम में भी शराब की बिक्री नहीं होगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने कहा, आज प्रदेश भाजपा की एक बैठक हुई जिसमें सांसद, विधायक, जिला अध्यक्ष, प्रभारी, सह-प्रभारी, पदाधिकारी, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भाबेश कलिता उपस्थित थे। 18 जनवरी से 21 जनवरी तक हम राज्य भर के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर स्वच्छ तीर्थ उत्सव मनाएंगे। 22 जनवरी को हम सभी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक क्षण को देखेंगे, इसके लिए हम राज्य भर के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर जाएंगे।%% उन्होंने कहा, इसके लिए विभिन्न स्थानों पर बड़ी स्क्रीनें लगाई जाएंगी। 21 और 22 जनवरी को भाजपा कार्यकर्ता बाजार और अन्य क्षेत्रों में दीपक जलाएंगे। शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को राज्य में ड्राई स्टेट घोषित किया गया है। **यूपी में भी बंद रहेंगी शराब की दुकानें** उत्तर प्रदेश ने भी गुरुवार को सभी शराब की दुकानें 22 जनवरी को बंद रखने के निर्देश जारी किए। यूपी की सभी शराब की दुकानें 22 जनवरी 2024 को बंद रखने के संबंध में आबकारी आयुक्त ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। आदेश में कहा गया है कि आपको पता है कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि पर राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा। राज्य में शराब की सभी दुकानें 22 जनवरी 2024 को बंद रहेंगी। अयोध्या में 22 जनवरी को उतरेंगे 100 चार्टर्ड एयरक्राफ्ट उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिभा दिवस% पर 100 चार्टर्ड विमान अयोध्या में उतरेंगे। उन्होंने कहा, राम मंदिर के %प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए 22 जनवरी को लगभग 100 चार्टर्ड विमान अयोध्या हवाई अड्डे पर उतरेंगे। यह हमें अयोध्या हवाई अड्डे की क्षमता की जांच करने का रास्ता भी दिखाएगा। राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। अयोध्या में राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए वैदिक अनुष्ठान मुख्य समारोह से एक सप्ताह पहले 16 जनवरी को शुरू होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वर्ष 2024 की अपनी पहली अयोध्या यात्रा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अयोध्या में स्वच्छता का कुंभ मॉडल लागू करें और यह सुनिश्चित करें कि रामनगरी सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर के रूप में सामने आए।

# आम चुनावों से पहले खैबर-पख्तूनखवा में पीटीआई नेता की हत्या, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जांच

**इस्लामाबाद**- पाकिस्तान की राजनीति में इन दिनों खींचतान जारी है। पाकिस्तान में आम चुनावों होने वाले हैं। इस बीच कुछ अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के वरिष्ठ नेता शाह खालिद की हत्या कर दी। घटना खैबर-पख्तूनख्वा के स्वाबी की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने कहा कि अज्ञात हमलावर बाइक से आए थे। उन्होंने पीटीआई नेता की कार के सामने अचानक हमला कर दिया। आरोपियों ने कार पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। खालिद ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि हमने केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम बना दी गई है। तलाशी अभियान शुरू कर दी है। अभी तक हत्या का कारण सामने नहीं आ सका है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, खालिद के अलावा पिछले 24 घंटे में एक और स्थानीय नेता कलीमुल्ला खान की भी हत्या हुई है। पाकिस्तान में 266 सामान्य सीटें शीर्ष चुनाव निकाय 13 जनवरी को दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित करेगा। यह आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से एक महीने पहले होगा। नए परिसीमन के बाद नेशनल असेंबली (एनए) की 266 सामान्य सीटें, आरक्षित 70 सीटें और गैर-मुस्लिमों के लिए 10 सीटें शामिल हैं। बता दें, चार प्रांतीय विधानसभाओं की 600 से अधिक सीटें दांव पर हैं। यह पार्टियां मैदान में चुनाव में प्रमुख दलों में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी), मुत्ताहिदा



कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी), जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ), पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई), जमात-ए-इस्लामी (जेआई) और अन्य स्थानीय पार्टियां मैदान में हैं। हालांकि, इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी का भविष्य अभी तक स्पष्ट नहीं है क्योंकि पाकिस्तान चुनाव आयोग ने इसके अंतर-पार्टी चुनावों को खारिज कर दिया और पार्टी के प्रतीक के रूप में बल्ले का उपयोग करने से इनकार कर दिया। पार्टी ने एलान किया है कि वह इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी। यह है आयोग का शेड्यूल नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने के बाद आयोग के अद्यतन कार्यक्रम के अनुसार, ईसीपी सोमवार से 30 दिसंबर तक उनकी जांच करेगा। नामांकन पत्रों की स्वीकृति या अस्वीकृति के खिलाफ अपील 3 जनवरी तक प्रस्तुत की जा सकती है, जिसमें 10 जनवरी तक निर्णय आने की उम्मीद है। ईसीपी 11 जनवरी को उम्मीदवारों की सूची जारी करेगा, उम्मीदवार 12 जनवरी तक अपने नामांकन वापस ले सकते हैं। चुनाव चिह्नों का आवंटन 13 जनवरी को होगा। ईसीपी के अनुसार, विदेशी पर्यवेक्षक 31 दिसंबर से 20 जनवरी तक चुनावों की निगरानी के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569